● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 58, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 02 अप्रैल 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र — हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



पीएम मोदी ने दी ओडिशा दिवस की बधाई 5



रोहित का सपना, वनडे विश्वकप जीतना 6

# मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रारम्भ करने की स्वीकृति

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश में नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के साधारण और ग्रामीण मार्गों में संगठित, सुविधाजनक एवं सुरक्षित यात्री परिवहन बस सेवायें उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रारम्भ करने की स्वीकृति दी गई। प्रदेश में ग्रामीण एवं साधारण मार्गों का ट्रैफिक एवं मार्ग सर्व तथा बसों की फ्रीक्वेन्सी निर्धारित करते हुये एक व्यवस्थित प्लानिंग अनुसार यात्री बसों को चलाया जायेगा। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश राज्य में सुगम सुरक्षित एवं विनियमित यात्री परिवहन सुविधा, निजी क्षेत्र के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

यात्री परिवहन सेवा की प्रारम्भ करने के लिए 101 करोड 20 लाख रुपये की अशंपूजी के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई। इसके लिए राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के



गठन की स्वीकृति भी दी गई है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के 20 शहरों में सार्वजनिक परिवहन हेतु कंपनी एक्ट के तहत स्वक्ष्छ्ह्य गठित हैं, जिसमें से 16 कार्यरत हैं। उक्त समस्त कंपनियों को 7 संभागीय कंपनियों के रूप में मर्ज किया जावेगा। उक्त सात कंपनियों के एकीकृत नियंत्रण के लिए राज्य स्तर पर कंपनीज एक्ट 2013 के तहत एक होल्डिंग कंपनी का गठन जायेगा। साथ ही त्रि-स्तरीय संरचना के तहत दायित्व निर्वहन और सात क्षेत्रीय सहायक कंपनियों में राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के 51 प्रतिशत शेयर बहुसंख्यक आधार पर निवेश करने एवं सात सहायक कंपनियों के बोर्ड और उसके आर्टीकल ऑफ एसोसिएशन में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति, रीवा एवं ग्वालियर के लिए वर्तमान प्रचलित कंपनी को बंद करते हुए नवीन क्षेत्रीय कंपनी गठित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इन क्षेत्रीय सहायक कंपनियों का गठन, संबंधित संभागीय मुख्यालयों में स्थित सिटी बस ट्रांसपोर्ट की वर्तमान कंपनी में संशोधन कर, निर्मित करने की स्वीकृति दी गई। जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति के गठन की स्वीकृति भी प्रदान की गई।

म.प्र. मोटरयान नियम 1994 के नियमों में आवश्यक संशोधन एवं वांछित प्रावधान करने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। इसके लिए प्रशासकीय विभाग द्वारा पृथक से विधि अनुसार कार्यवाही की जायेगी। सात सहायक कंपनियों की सुसंगत पूर्ववर्ती सिटी ट्रान्सपोर्ट कंपनियों द्वारा परिवहन संबंधी दायित्व के निर्वहन के लिए, जो चल-अचल संपति उपयोग में आ रही है, वे यथावत इन कपंनियों के आधिपत्य में रहेंगी। इसी प्रकार नगर-निगम, प्राधिकरण आदि द्वारा स्वयं की निधि से तैयार किये गये बस टर्मिनल, बस स्टैण्ड, बस स्टॉप आदि, होल्डिंग कंपनी के सामंजस्य से उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं यात्री सुविधा के लिए विकसित किए जाऐंगे।

वर्तमान सिटी बस कंपनियों के कार्यालय भवन का उपयोग नवीन सहायक कंपनियां यथावत करती रहेंगी। कार्यालय की ऐसी अचल सपंतियां, जो नगरीय निकाय निधि से अर्जित या निर्मित हैं, उनका मूल्यांकन पृथक से किया जाकर, राशि की प्रतिपूर्ति परिवहन विभाग ?द्वारा की जायेगी। नवीन गठित होने वाली राज्य स्तरीय कंपनी को नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा पुर्नघनत्वीकरण नीति 2022 के तहत पर्यवेक्षण एजेंसी के रूप में शामिल किया जायेगा। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा संचालन के लिए बस परिवहन अधोसंरचना के तहत पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) प्रक्रिया से उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं मापदण्डों का यात्री एवं बस ऑपरेटर के लिए सुविधाओं का निर्माण किया जायेगा।

## सभी नगरों में सीवरेज प्रोजेक्ट्स जल्द से जल्द पूरा करें : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी नगरों में चल रहे सीवरेज प्रोजेक्ट्स जल्द से जल्द पूरे किये जायें। सीवरेज के लिए स्थायी प्रकृति के काम हों। शहरों के वेस्ट वाटर का नदियों में निस्तारण (डिस्पोजल) न होने पाए, इससे हमारी नदियां प्रदूषित होने से बचेंगी। उन्होंने कहा कि सॉलिड वेस्ट के साथ लिक्विड वेस्ट (गंदा पानी) के समुचित निस्तारण पर भी विशेष ध्यान देकर प्रभावी कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 10वीं बैठक की अध्यक्षता कर संबोधित कर रहे थे। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष एवं संचालक श्री कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव एवं म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष एवं संचालक श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय एवं कंपनी के संचालक डॉ. राजेश राजौरा आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## 2029 तक भारत एक बड़ा लक्ष्य हासिल करने को तैयार : राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को बताया कि भारत का रक्षा निर्यात 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपये (लगभग 2.76 बिलियन अमेरिकी डॉलर) के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर तक पहुंच गए हैं, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 12.04 प्रतिशत अधिक है। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि देश 2029 तक रक्षा निर्यात के 50,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तैयार है। बता दें कि 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात का आकड़ा 21,083 करोड़ रुपये था।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत 2029 तक रक्षा निर्यात में 50,000 करोड़ रुपये का लक्ष्य हासिल करने के लिए तैयार है। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी। मामले में रक्षा मंत्रालय के अनुसार, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) ने 2024-25 में अपने निर्यात में 42.85 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है, जो वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की बढ़ती स्वीकार्यता और देश के रक्षा उद्योग की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भागीदारी को दर्शाता है।

मामले में रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी आकड़ों में बताया गया कि निजी क्षेत्र और डीपीएसयू ने 2024-25 के रक्षा निर्यात में क्रमश: 15,233 करोड़ रुपये और 8,389 करोड़ रुपये का योगदान दिया। 2023-24 में ये आंकड़े क्रमश: 15,209 करोड़ रुपये और 5,874 करोड़ रुपये थे।

साथ ही मंत्रालय ने कहा कि भारत अब बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर सैन्य बल से आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उत्पादन की ओर बढ़ रहा है। रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, गोला-बारूद, हथियार, उप-प्रणाली और अन्य वस्तुएं 80 देशों को निर्यात की गईं हैं।

## सभी सांसदों की सुरक्षा महत्वपूर्ण : धनखड़

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के द्वारा राणा सांगा पर की गई टिप्पणी मामले में विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जहां उनकी टिप्पणी के चलते उन्हें कई तरह की धमकियों का सामना करना पड़ रहा है।इसी बीच राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि सभी सांसदों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद राम गोपाल यादव से अपील की कि वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके अपने साथी सांसद रामजी लाल सुमन पर की गई धमकियों के मामले को शांत कराएं। बता दें कि



सपा सांसद सुमन ने सदन में राणा सांगा को लेकर कुछ टिप्पणियां की थीं, जिन पर भाजपा और एनडीए के सदस्य नाराज हो गए थे। इसके बाद सभापति ने उनकी टिप्पणियों को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया था। इन टिप्पणियों को लेकर सुमन को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले पर शून्यकाल के दौरान धनखड़ ने सपा सांसदों द्वारा दिए गए स्थगन नोटिस को खारिज कर दिया, जिसमें सुमन को मिली धमकियों और हमले के प्रयास पर चर्चा करने की मांग की गई थी। सभापति ने यह भी कहा कि प्रत्येक सांसद की सुरक्षा महत्वपूर्ण है और इस पर ध्यान देना जरूरी है। साथ ही धनखड़ ने यादव से यह भी अनुरोध किया कि वे इस मामले को शांत करें और ऐसी टिप्पणियों को फिर से न दोहराएं।

सपा सांसद राम गोपाल यादव ने इस मुद्दे को राज्यसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि सुमन की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति ने सुमन की जान के बदले 25 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है।

## मस्जिदों की खोदाई पर होसबाले का बड़ा बयान

**बंगलूरू।** मस्जिदों की खोदाई को आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने निरर्थक बताया है। उन्होंने कहा कि अतीत की खोज में लगे रहने से समाज अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक बदलावों पर ध्यान नहीं दे पाएगा और विमुख होगा। जैसे अस्पृश्यता को समाप्त करना, युवाओं में नई भावनाओं का संचार करना तथा संस्कृति और भाषाओं को संरक्षित करना। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्वयंसेवकों को काशी विश्वनाथ वाराणसी और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा के पुनर्निर्माण के प्रयासों में भाग लेने से नहीं रोकेगा।

## मैं योगी हूं, हमेशा के लिए राजनीति में नहीं

### प्रधानमंत्री पद की दावेदारी पर सीएम योगी का बड़ा बयान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं दिल से एक योगी हूं और राजनीति मेरा पूर्णकालिक व्यवसाय नहीं है। मैं मुख्यमंत्री पद पर उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा करने के लिए हूं और मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मेरी पार्टी भाजपा ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं निभा रहा हूं।

पीटीआई को दिए गए साक्षात्कार में उन्होंने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर खंडन किया। उन्होंने कहा कि मैं कब तक



राजनीति में रहूंगा इसकी समय सीमा है। मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं हूं। बता दें कि इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी को लेकर चर्चाएं काफी तेज हैं और योगी को उनके समर्थकों के द्वारा प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है। ये चर्चाएं प्रधानमंत्री मोदी के 30 मार्च को संघ मुख्यालय जाने के बाद और तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया पर हो रही चर्चाओं में सीएम योगी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है।

इस पर शिवसेना के नेता संजय राउत ने भी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि देश का अगला प्रधानमंत्री महाराष्ट्र से होगा जिस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मोदी जी ही देश का नेतृत्व करेंगे।

## वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा चाहता है केंद्र

**नई दिल्ली।** देशभर में वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर सियासी गर्माहट तेज है। इसी बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस विधेयक पर सभी पार्टियों के साथ चर्चा करने की बात पर जोर दिया। मंगलवार को उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर बुधवार को लोकसभा में चर्चा चाहती है। बता दें कि इस विधेयक को बुधवार को प्रश्नकाल के बाद लोकसभा में पेश किया जाएगा। रिजिजू ने बताया कि लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में इस पर चर्चा के लिए आठ घंटे का समय तय किया गया है, जिसे जरूरत पड़ने पर बढ़ाया भी जा सकता है।

## दो हजार के नोटों पर आरबीआई का बड़ा खुलासा

### नए वित्तीय वर्ष के पहले दिन सामने आया यह आंकड़ा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि 2000 रुपये के 98.21 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं और केवल 6,366 करोड़ रुपये मूल्य के ऐसे नोट अब भी जनता के पास हैं। 19 मई, 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक ने 2000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। आरबीआई ने बताया कि 19 मई 2023 को कारोबार बंद होने के दौरान चलन में रहे 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। 31 मार्च 2025 को कारोबार बंद होने के बाद बाजार में करीब 6,366 करोड़ रुपये के नोट शेष बच गए हैं। आरबीआई ने बयान में कहा, इस प्रकार, 19 मई 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपये के 98.21 प्रतिशत बैंक नोट वापस आ चुके हैं। 2000 रुपये के बैंक नोट जमा करने और/या बदलने की सुविधा 7 अक्तूबर 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। हालांकि, यह सुविधा अब भी रिज़र्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है।

## सरकार तुरंत जनगणना और जातीय सर्वे कराए : खरगे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को जनगणना का मुद्दा उठा। सदन में नेता विपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मांग की कि सरकार तुरंत जनगणना और जातीय जनगणना कराए। उन्होंने दावा किया कि जनगणना में देरी की वजह से बड़ी संख्या में लोग जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। खरगे ने राज्यसभा में शून्य काल के दौरान यह मुद्दा उठाया और जनगणना में हो रही देरी पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि साल 1881 से हर दस साल बाद



देश में जनगणना होती रही है। खरगे ने कहा कि युद्ध, आपातकाल और अन्य संकटों के दौरान भी जनगणना हुई।

खरगे ने कहा कि साल 1931 की जनगणना से पहले महात्मा गांधी ने कहा था कि जिस तरह से हमें हमारी सेहत की स्थिति जांचने के लिए मेडिकल चेकअप की जरूरत होती है, उसी तरह से एक देश के लिए जनगणना सबसे जरूरी जांच होती है। उन्होंने कहा कि 1931 में जनगणना के साथ ही जातीय जनगणना भी हुई थी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जनगणना एक जरूरी अभ्यास है और इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। ये लोग न सिर्फ जनगणना के आंकड़े जुटाते हैं बल्कि रोजगार, परिवार, सामाजिक-आर्थिक और कई अन्य पहलुओं की भी जानकारी जुटाते हैं। खरगे ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध और 1971-72 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय भी जनगणना कराई गई थी, लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश के इतिहास में पहली बार जनगणना में इतनी देरी हुई है। खरगे ने जनगणना के साथ ही जातीय जनगणना कराने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार पहले ही अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से संबंधित आंकड़ें जुटाती है, ऐसे में सरकार अन्य जातियों के आंकड़े भी जुटा सकती है, लेकिन सरकार ने इन पर चुप्पी साधी हुई है।

## म्यांमार में मरने वालों का लगातार बढ़ रहा आंकड़ा

### अब तक 2700 लोगों की हो चुकी मौत

**नेपीडॉ।** म्यांमार में पिछले सप्ताह आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां भूकंप के चलते ढही इमारतों से शव निकलने का सिलसिला जारी है। इसके चलते अब तक यहां 2700 लोगों की मौत हो चुकी है। म्यांमार में 28 मार्च को 7.7 तीव्रता के भूकंप के झटके लगे थे। इसके बाद 6.4 तीव्रता के भी झटके महसूस हुए। भूकंप का केंद्र मेंडले और सेगेंग शहरों की सीमा पर जमीन के 10 किलोमीटर भीतर था। भूकंप के चलते बुनियादी ढांचे, सड़कें और रिहायशी इमारतों को भारी नुकसान हुआ। भूकंप के झटके न सिर्फ म्यांमार बल्कि पड़ोसी देशों में भी महसूस किए गए। थाईलैंड का चियांग मेई शहर में भी इस भूकंप के चलते काफी नुकसान हुआ। म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने राजधानी नेपीडॉ में बताया कि अब तक 2,719 लोग मृत पाए गए हैं।

## हाईवे और एक्सप्रेसवे पर सफर हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** अब राष्ट्रीय राजमार्गों (नेशनल हाईवे) और एक्सप्रेसवे पर सफर करने के लिए जेब और ढीली करनी होगी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने देशभर में टोल दरों में औसतन 4 से 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। एनएचएआई द्वारा बढ़ाए गए टोल शुल्क की नई दरें मंगलवार से लागू हो गई हैं। परिवहन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, हर साल अप्रैल में टोल दरों में बदलाव किया जाता है, जो थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर से जुड़ा होता है। एनएचएआई हर हाईवे और एक्सप्रेसवे के लिए अलग-अलग टोल दरों में संशोधन करता है।

## मुश्किल में मंत्री कपिल मिश्रा, कोर्ट ने दिया एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री और भाजपा नेता को राउज एवेंन्यू कोर्ट से मंगलवार को झटका लगा है। कोर्ट ने मंत्री कपिल मिश्रा और अन्य के खिलाफ 2020 के दिल्ली दंगों में उनकी कथित विभिन्न भूमिकाओं की जांच के लिए सुनवाई का आदेश दिया। साथ ही कोर्ट ने कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन स्वीकार कर लिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने इसे प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध पाया, जिसमें उन्होंने जांच के आदेश दिए हैं। न्यायाधीश ने कहा कि यह साफ है कि दंगों के दौरान कपिल इलाके में थे। इसमें आगे जांच की जरूरत है। न्यायाधीश यमुना विहार निवासी मोहम्मद इलियास द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी, जिसका दिल्ली पुलिस ने विरोध किया और दावा किया कि दंगों में मिश्रा की कोई भूमिका नहीं थी। कपिल मिश्रा का जन्म पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में 13 नवंबर 1980 को हुआ था। उनकी मां अन्नपूर्णा मिश्रा भाजपा नेता रही हैं। वे पूर्वी दिल्ली नगर निगम की मेयर भी रहीं। भाजपा में कपिल मिश्रा को हिंदुत्व के बड़े चेहरे के रूप में देखा जाता है। कपिल मिश्रा ने भाजपा के टिकट से करावल नगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के मनोज कुमार त्यागी को 23,355 वोटों से हराया।

## अपनी विरासत को विश्व के कोने-कोने तक पहुँचाने का संकल्प लें : मंगुभाई

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि राज्यों का स्थापना दिवस पर हमारे देश की मूल पहचान और सम्मान को बढ़ाने का संकल्प दिवस है। इसे अपनी विरासत को विश्व के कोने-कोने तक पहुँचाने के संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे सभी राज्यों ने हमेशा अपनी धरोहर, संस्कृति और परंपराओं के सम्मान के द्वारा राष्ट्रीय गौरव को बढ़ाया है। इस गौरवपूर्ण धरोहर को सहेजने और उसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का कार्य करना हम सभी का परम दायित्व है। उन्होंने कहा कि राज्यों के स्थापना दिवस देश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के उत्सव है। भारतीय



संस्कृति की विविधता में एकता की धरोहरों के संरक्षण, संकल्प एक भारत-श्रेष्ठ भारत का शानदार प्रदर्शन है। राज्य का स्थापना दिवस को मनाना प्रगति और विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने का प्रसंग है। राज्यपाल श्री पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित बिहार, राजस्थान और ओडिशा के स्थापना दिवसों के संयुक्त समारोह में राज्यों के मूल निवासी मध्यप्रदेश में निवासरत नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के. सी. गुप्ता, पोस्ट मास्टर जनरल इंदौर परिक्षेत्र सुश्री प्रीति अग्रवाल, निदेशक डाक सेवाएं श्री भरत कुमार डालमिया और राज्यपाल के अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव मंचासीन थे।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने सिकल सेल एनीमिया रोग जन जागृति पर डाक विभाग द्वारा जारी विशेष आवरण एवं विरूपण मोहर का अनावरण किया। पोस्ट मास्टर जनरल इंदौर परिक्षेत्र सुश्री प्रीति अग्रवाल ने बताया कि डाक टिकट देश विदेश में जन जागृति के प्रभावी माध्यम होते हैं। डाक विभाग द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर सिकल सेल एनीमिया रोग पर डाक टिकट जारी किया गया था। इसी क्रम में जारी विशेष आवरण के अनावरण के लिए राज्यपाल के प्रति आभार ज्ञापित किया। राज्यपाल श्री पटेल को देवी अहिल्या पर डाक विभाग द्वारा जारी टिकट की पेंटिंग भेंट की। राज्यपाल ने विशेष आवरण के रूपांकन में सहयोगी एम्स भोपाल के चिकित्सक डॉ. रजनीश जोशी और डॉ. अनन्य सम्पत का सम्मान किया गया।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने बिहार, ओडिशा और राजस्थान राज्यों की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य हमारी अनेकता में एकता के गुलदस्ते का वह मोती है, जो भारतीय सभ्यता और संस्कृति के उत्पत्ति स्थल के रूप में जाना जाता है।

# परिषद बैठक में पार्षदों ने लगाए गंभीर आरोप

**रिटायर होने के 1 दिन पहले कार्यपालन यंत्री के बंगले से क्यों हटाए गए कर्मचारी**

**कमिश्नर के नहीं होने से 4 अप्रैल तक के लिए परिषद बैठक हो गई स्थगित**



**सिंगरौली।** नगर पालिका निगम सिंगरौली में आज दिन मंगलवार को परिषद की बैठक परिषद अध्यक्ष देवेश पांडे की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई, महज आधे घंटे में ही परिषद अध्यक्ष को 4 अप्रैल तक के लिए परिषद की बैठक को स्थगित करना पड़ा। क्योंकि पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया कि जब कमिश्नर ही नहीं है तो बजट पर चर्चा नहीं होगी। कांग्रेस और भाजपा के पार्षदों ने महापौर को घेरते हुए कहा कि क्या सत्यम मिश्रा को फांसी पर लटका दोगे। महापौर पर गंभीर आरोप लगाते हुए पार्षदों ने कहा कि जब से महापौर चुनाव जीत कर आई हैं तब से अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ काम किया है। अधिकारों से बाहर जाकर कर्मचारियों को हटाने की पूरी कोशिश में दिन-रात लगी रहती है। वहीं डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस पर भी गंभीर आरोप लगाए गए।

परिषद की बैठक जैसे ही परिषद अध्यक्ष ने बजट को लेकर चर्चा करने की बात कही तो पार्षदों ने कहा कि पहले बजट पर चर्चा नहीं होगी। पार्षद अखिलेश सिंह और सीमा जयसवाल ने कहा कि सबसे पहले महापौर और निगम के अधिकारी यह बताएं कि कार्यपालन यंत्री बीपी उपाध्याय के बंगले से 29 मार्च को ही वाहन चालक और अन्य कर्मचारियों को क्यों हटा दिया गया। पार्षदों ने कहा कि अभी तक किसी भी अधिकारी के साथ इस तरह का व्यवहार नगर निगम के द्वारा नहीं किया गया लेकिन कमिश्नर और महापौर के द्वारा अपने ही अधिकारियों कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। जो अधिकारी कर्मचारी रिटायर होते हैं उनका सम्मान से कार्यालय बुलाया जाता है और सम्मानपूर्वक विदाई की जाती है किसी से अभद्र व्यवहार नहीं किया जाता। लेकिन अब नगर निगम में मनमानी महापौर के द्वारा की जा रही है। पार्षद अखिलेश सिंह ने कहा सत्यम मिश्रा के साथ महापौर षड्यंत्र रच रही है। महापौर राज्य सरकार को भेजने , कुर्सी छिनने और फांसी पर लटकाने का प्रस्ताव तैयार करती है किसी अधिकारी कर्मचारी को प्रताड़ित नहीं किया जाएगा। पार्षद ने कहा कि महापौर का अधिकांश समय अधिकारियों को परेशान करने में बीत रहा है। वही बजट को लेकर जब अध्यक्ष ने चर्चा करने की बात कही तो पार्षदों ने कहा कि जब कमिश्नर नहीं है तो बजट पर चर्चा कैसे होगी। कौन ऐसा सक्षम अधिकारी है जो पार्षदों के सवालों का जवाब देगा। पार्षदों के हंगामे के चलते परिषद अध्यक्ष देवेश पांडे ने 4 अप्रैल तक के लिए परिषद की बैठक को स्थगित कर दिया।

### मनमानी तरीके से बनाया गया बजट

पार्षद अखिलेश सिंह, सीमा जयसवाल, बंतौ कौर, शत्रुघ्न लाल शाह और परमेश्वर पटेल ने महापौर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि महापौर नगर निगम में विसंगत पैदा कर रही है। पार्षदों ने कहा कि बजट इस बार कम क्यों हुआ, बजट संतोषजनक नहीं है। 200 करोड़ का बजट हो रहा है और 137 करोड़ का बजट कम हुआ है एमआईसी के मंत्री को जानकारी नहीं है फिर भी गलत जवाब दे रहे हैं। यह बजट नियम संगत नहीं है। बजट कौन तैयार करते हैं आयुक्त करते हैं मनमानी तरीके से बजट बनाया जाता है।महापौर का बजट मैं मनमानी चल रही है। अखिलेश सिंह ने कहा कि आयुक्त से बजट को लेकर सवाल जवाब करने को मैं तैयार हूं लेकिन विसंगत का बजट नहीं चाहिए।

### परिषद सचिव विचलित न हो

बजट को लेकर जब पार्षदों ने महापौर को घेरा और जवाब मांगा गया तो लेखाधिकारी सत्यम मिश्रा ने परिषद को बताया कि नियम है कि आयुक्त बजट तैयार कराये फिर एमआईसी मैं भेजा जाएगा। लेकिन जो बजट तैयार किया गया उस बजट को एमआईसी द्वारा परिवर्तन किया गया। साथ ही एमआईसी का हस्ताक्षर भी नहीं था। पार्षदों ने कहा ऐसे में बजट पर क्या बात होगी। जहां परिषद सचिव के द्वारा गलत जानकारी पार्षदों को दी जा रही थी तो अखिलेश सिंह ने कहा कि परिषद सचिव आप विचलित न हो। आधे घंटे में ही परिषद स्थगित हो गई लेकिन महापौर को लेकर पार्षदों ने जमकर हंगामा किया।

# उत्पादन व प्रेषण के नए शिखर पर एनसीएल

**वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोयला उत्पादन व प्रेषण में एनसीएल का बेहतरीन प्रदर्शन**



**सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने वित्त वर्ष 2024 -25 में कोयला उत्पादन व प्रेषण में शानदार प्रदर्शन कर नया मुकाम हासिल किया है। एनसीएल ने विगत वित्त वर्ष 24-25 में कोयला उत्पादन व प्रेषण में नया इतिहास रचा है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित 139 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को कंपनी ने हासिल कर लिया है। एनसीएल ने राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए चालू वित्त वर्ष में बिजली घरों सहित सभी उपभोक्ताओं को 137.7 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया है। इसी क्रम में एनसीएल ने लगभग 85 फीसदी कोयला पर्यावरण अनुकूल (रेल, एमजीआर व बेल्ट पाइप कंवेयर) विधियों के माध्यम से प्रेषित किया है। इस शानदार उपलब्धि पर सीएमडी एनसीएल बी साईराम व निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/ संचालन) जितेन्द्र मलिक व निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह ने एनसीएल टीम को बधाई दी है। उन्होंने कंपनी की इस सफलता का श्रेय एनसीएल कर्मियों की मेहनत व राष्ट्र की ऊर्जा जरूरतों के प्रति उनके अटूट समर्पण को दिया है । इस अवसर पर मंगलवार को सीएमडी सहित समस्त निदेशकमंडल ने एनसीएल की विभिन्न परियोजनों का दौरा किया व एनसीएल कर्मियों के समर्पण और ऊर्जा संरक्षा के प्रति कटिबद्धता के आलोक में उनका किया। इस अवसर पर कर्मियों से सीधे रूबरू होते हुए सीएमडी एनसीएल ने कहा कि एनसीएल कर्मियों ने कठिन परिदृश्य में विभिन्न बाधाओं को पार करते हुए लक्ष्यों को पूरा किया है, जिसके लिए समस्त एनसीएल टीम बधाई की पात्र है। गौरतलब है कि वर्ष 2023-24 के मुकाबले एनसीएल परिक्षेत्र में वर्ष 2024-25 में 218 फीसदी अधिक वर्षा हुई, इसके बाबजूद भी कंपनी ने वर्ष 2023-24 की तुलना में वर्ष 2024-25 में 2 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन किया है।

# जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे हुआ प्रभारी मंत्री का जोरदार स्वागत



**सिंगरौली।** प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके अपने दो दिवसीय दौरे पर सिंगरौली पहुंची। सिंगरौली जिले की सीमा निगरी चौराहे पर जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व एवं निगरी मंडल अध्यक्ष जेपी शाह की अगुवाई तथा देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम की की विशेष उपस्थिति में प्रभारी मंत्री का जोरदार अभिनन्दन किया गया। सैकड़ों कार्यकर्ता तथा पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया। सुंदरलाल शाह को जिला संगठन के नवीन अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में प्रभारी मंत्री का यह प्रथम सिंगरौली दौरा था । जिले तथा मंडल के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रभारी मंत्री जी का अभिवादन किया। विभिन्न कार्यक्रमों को सम्पन्न करते हुए जब प्रभारी मंत्री सड़क मार्ग से निकल रही थी तो जगह जगह कार्यकर्ताओं ने उनका अभिवादन किया तथा ढोल नगाड़ों एवं पुष्प वर्षा से उनका स्वागत किया। नगर निगम सीमा पर प्रवेश करते ही परसौना चौराहे के पास युवामोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह एवं सिंगरौली विधायक के नेतृत्व एवं मंडल अध्यक्ष बैढ़न सौरव गुप्ता की विशेष उपस्थिति में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री का जोरदार अभिनन्दन किया तथा उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किये। प्रभारी मंत्री दो दिवसीय अपने प्रवास पर? सिंगरौली में उपस्थित रहेंगी तथा विभिन्न शासकीय तथा सांगठनिक गतिविधियों में सम्मिलित होंगी।

# 3 लाख 36 हजार की हेरोइन के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**आदतन अपराधी है आरोपी, तस्करों का नेटवर्क खंगाल रही पुलिस**

**सिंगरौली।** विन्ध्यनगर पुलिस ने तीन लाख 36 हजार कीमत की हेरोइन पकड़ी है। पुलिस ने इस मामले में हेरोइन के साथ एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। हेरोइन तस्करों को पुलिस ने क्षेत्र के ग्रीनहट कालोनी से गिरफ्तार किया। तस्करों के पास से 67.39 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार के अनुसार 3 लाख 36 हजार की बताई जा रही है।

विन्ध्यनगर थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी ने इस तस्कर से जुड़ी जानकारी दी हैं। उन्होंने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बनौली का कार्तिक वर्मा अपने एक साथी के साथ काले रंग हीरो मोटर सायकल से अवैध मादक पदार्थ हेरोईन बिक्री करने के लिये ग्रीनहट कालोनी के पास खडे है। जिसकी सूचना पर तत्काल एक टीम गठित कर मौके पर रवाना किया गया जहां पर मुखबिर द्वारा बताए गए सूचना पर संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसका नाम पता पूंछने पर अपना नाम कार्तिक वर्मा उर्फ संदीप पिता रामलगन वर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी बनौली थाना विन्ध्यनगर जिला सिंगरौली का बताया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ बालक के संयुक्त कब्जे से अवैध मादक पदार्थ हेरोईन 67.39 ग्राम कीमती लगभग 336950 रुपये एवं घटना में प्रयुक्त हीरो मोटर सायकल क्रमांक क्र 64 क्र 9677 जप्त की गई। बालक को अभिरक्षा में लिया जाकर दोनों के विरूद्ध अपराध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। साथ ही न्यायालय पेश किया गया। जहां न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेज दिया गया है। जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार तस्कर कार्तिक वर्मा उर्फ संदीप पिता रामलगन वर्मा पर पहले से ही 2 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इससे मालूम होता है कि यह शातिर किस्म के अपराधी है। आरोपी कार्तिक वर्मा उर्फ संदीप के खिलाफ थाना विन्ध्यनगर में अवैध शराब बिक्रय करने एवं मारपीट सहित कुल 2 अपराध पूर्व से पंजीबद्ध है। इस कार्यवाही मे निरीक्षक अर्चना द्विवेदी, उप निरीक्षक शीतला यादव, सहायक उप निरीक्षक रमेश प्रजापति, संतोष साकेत, सउनि सुनील दुबे, प्रधान आरक्षक रिकेश सिंह, पंकज सिंह, श्यामसुन्दर बैस, रमागोविन्द तिवारी, नितिन गौतम, रमागोविन्द तिवारी, संदीप सिंह, रामनिरंजन बैस, आरक्षक तुलसीदास प्रजापति, प्रताप कुमार पटेल, समीर धुर्वे, अमलेश सिंह, राजकुमार शर्मा, भोले लोधी एवं अशोक कुशवाह का सराहनीय योगदान रहा। बरामद हेरोइन के संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को पुलिस विभाग के लोगों की ओर से मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। पुलिस तस्करों के बाकी नेटवर्क को खंगाल रही है। पुलिस के रेडार पर इन तस्करों के अन्य हैंडलर्स भी है। हालांकि पुलिस कुछ बता नहीं रही।




# सेवा निवृत्त हुए निगम के कार्यपालन यंत्री



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय को आज निगम सभागार में नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय सहित उपस्थित पार्षदो अधिकारियो कर्मचारियों के द्वारा शाल श्रीफल देकर भावभीन विदाई दी गई। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष ने कार्यपालन यंत्री के कार्यो की सराहना करते हुयें कहा कि निगम क्षेत्र के विकास कार्यो में उपाध्याय का योगदान सराहनीय रहा है। उन्होने कहा कि सेवानिवृत हो रहे निगम के कार्यपालन यंत्री ने लंबे समय तक नगर निगम कार्यालय में अपनी सेवाएं प्रदान करके अधीनस्थ कर्मचारियों का जिस तरह मार्गदर्शन किया एवं शहर के हित में किए जाने वाले कार्यों में अपना जो योगदान दिया उसे भुलाया नहीं जा सकता। हम सब उनके खुशमय आगामी जीवन की कामना करते है। इस अवसर पर पार्शद सीमा जयसवाल संतोष शाह, परमेश्वर पटेल, अनिल बैस, संतोष शाह, अखिलेश सिंह, शेखर सिंह, सत्रुघन लाल शाह, रामनरेश शाह, प्रेम सागर मिश्रा, राम मिलन भारती, अनुष्का यादव, आशीष बैस, लालस कुमारी यादव, राजबादुर पनिका, कमलेश कुमार बर्मा, संजय सिंह, सावनमती कुशवाहा, बंतो कौर सहित निगम के उपायुक्त आरपी बैस, उपायुक्त वित्त सत्यम मिश्रा, सहाकय यंत्री संतोष पाण्डेय, एस.एन द्विवेदी, उपयंत्री नितिन तिवारी सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विकास खंड स्तरीय प्रवेश उत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया

**सिंगरौली।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशन में 1 से 4 अप्रैल 2025 तक समस्त विद्यालयों में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसके अंतर्गत आज शासकीय कन्या उच्चार माध्यमिक विद्यालय एवं उत्कृष्ट चितरंगी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व विधायक अमर सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास खंड शिक्षा अधिकारी एमएल सिंह रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि तहसीलदार चितरंगी ऋषि नारायण सिंह, प्रवेंद्र धर द्विवेदी,प्रभात कुमार सिंह, प्रकाश नारायण, स्त्रोत समन्वयक एलडी यादव, कन्या प्राचार्य बालेश्वर तिवारी, राष्ट्रपति पुरस्कृत सेवा निवृत्त शिक्षक कामता प्रसाद तिवारी, सफल मंच संचालक रमाकांत पांडेय,उर्मिलेश पांडेय, धर्मपाल सिंह, राजेन्द्र उपाध्याय व अभिभावक की भूमिका में पन्ना लाल बैगा नारद सिंह मंगलदिन यादव उपस्थित रहे।



शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चितरंगी में प्राचार्य जगजीवन भारती ने प्रवेश उत्सव कार्यक्रम छत्रों को पुस्तक वितरण किया और उनके उज्वल भविष्य हेतु सही मार्गदर्शन प्रदान किया। उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को राज्यशासन द्वारा संचालित योजना के तहत शिक्षा का अधिकार दिया गया है । पुस्तक सायकल वितरण किया गया। उनके भविष्य को उज्जवल बनाने केलिए आपने अपने विचार साझा किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी शिक्षक शिक्षिका स्टाप अभिभावक मौजूद रहे।

# बिना महापौर हस्ताक्षर के परिषद पहुंचा बजट

**कचरे से कंपनी व अफसर हो रहे मालामाल, भोपाल स्तर पर पहुंची शिकायत**

**सिंगरौली।** नगर निगम में आज हुई बैठक हंगामा के साथ शुरू हुई, बजट में महापौर और एमआईसी सदस्य के दस्तखत नहीं देख पार्षद एक साथ बजट पर नाराज हो गए। हालांकि अधिकारी भी महापौर के कई फैसलों को गलत ठहराया। और एजेंट से बाहर कर दिया। महापौर पर अधिकारियों के खिलाफ काम करने के भी आरोप लगे हैं। शहर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, परिवहन व प्रशंसकरण सहिन निष्पादन के लिए नगर निगम सिटाडेल कंपनी को काम दिया है। शहर की गंदगी देख लोग कंपनी और नगर निगम के अफसरों पर स्वच्छता में गठजोड़ साफ दिख रही है, सिटाडेल स्वच्छता का बिल लगाता है और अधिकारी बिना कुछ देखे बिल पास कर देते हैं, कचरे के खेल में कबड्डी के साथ सब मालामाल हो रहे हैं। इस काम में भ्रष्टाचार करने की शिकायतें कई बार हुई है। अब स्वच्छता नोडल अधिकारी आज से रिटायर हो गए। हालांकि रिटायर्ड होते ही सोशल मीडिया में लोग अपनी अलग-अलग तरह की प्रक्रिया दे रहे हैं। नगर निगम में फाइल गुमने तो कभी स्वच्छता के नाम पर आरोप लगाते रहे हैं। लेकिन अब कचरा घोटाला के नाम पर मनमानी चल रही है। कचरा संग्रहण, परिवहन व प्रशंसकरण सहिन निष्पादन के शर्तों का पालन नहीं हो रहा है। हां हर महीने एक करोड़ 30 लाख रुपए खर्च जरूर किए जा रहे हैं। यह मामला परिषद में कई पार्षद उठा चुके हैं । वही आज परिषद महज 25 मिनट तक चली, हंगामें के साथ चार दिनों के लिए स्थगित हो गई।

**न्यायालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला मऊगंज (म.प्र.)**

क्रमांक/0005/स.149/विवाह पंजीयन 2025 मऊगंज दिनांक 27/02/2025

**//इश्तहार//**

आवेदक श्री पिन्टू साकेत पिता श्री बुद्धसेन साकेत पता ग्राम सूजी, पोस्ट सूजी तहसील मऊगंज, थाना लौर जिला मऊगंज (म.प्र.) एवं आवेदिका पूनम साकेत पिता श्री सुरेश साकेत पता ग्राम तडौरा डिघवार तहसील मऊगंज, जिला मऊगंज (म.प्र.) द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, चालान की प्रति, आधार कार्ड, समग्र आई.डी. एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है जो विचाराधीन है।

अत: उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बन्ध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर काई विचार नहीं किया जायेगा।

जारी दिनांक 27/02/2025
पेशी दिनांक 07/04/2025

रजिस्ट्रार
विवाह एवं पंजीयन अधिकारी
जिला मऊगंज (म.प्र.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली जिला सिंगरौली (म.प्र.)**

क्रमांक/10094/राजस्व/2025 सिंगरौली — दिनांक 28/03/2025

**सार्वजनिक इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सिंगरौली के नवजीवन विहार जोन अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 32 तहसील व जिला सिंगरौली (म.प्र.) में स्थित आवासीय एवं व्यवसायिक भू-खण्डों, दुकानों एवं भवनों का नामान्तरण अपने नाम से कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो इस कार्यालय में विचाराधीन है। विवरण निम्नानुसार-

| क्र. | लीज ग्रहिता का नाम | भू-खण्ड क्रमांक | आवेदक का नाम जिसके नाम से सम्पत्ति का नामान्तरण होना है |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | श्री श्रीप्रकाश अग्रवाल तनय स्व. श्री नन्हेलाल अग्रवाल निवासी नवजीवन विहार | आवासीय भ-खण्ड क्रमांक 15 साईज 15X24 मीटर | श्री गौरव अग्रवाल एवं सौरभ अग्रवाल तनय स्व. श्री श्यामसुन्दर गुप्ता निवासी नवजीवन विहार |
| 2 | श्री राजीव कुमार जैन तनय स्व. श्री सुशील कुमार जैन एवं श्रीमती संजना जैन पत्नी श्री राजीव कुमार जैन निवासी नवजीवन विहार | आवासीय भ-खण्ड क्रमांक 64 साईज 12X18 मीटर | श्रीमती मेनका जैन पत्नी श्री मुकेश कुमार जैन सा. नवजीवन विहार |
| 3 | श्री विजय कुमार अग्रवाल तनय स्व. श्री दीनाराम अग्रवाल निवासी नव जीवन विहार | शिवाजी का. दुकान क्रमांक 01 | श्रीमती वन्दना अग्रवाल एवं श्री गौरव अग्रवाल पत्नी एवं पिता श्री नन्दकुमार अग्रवाल |
| 4 | श्रीमती बसन्ती देवी पत्नी स्व. श्री बी.एम. सह शा.नवजीवन विहार | आवासीय भ-खण्ड क्रमांक 143 साईज 12X18 मीटर | श्रीमती पूजा सिंह पत्नी श्री रणवीर सिंह निवासी नवजीवन विहार |
| 5 | श्रीमती सावित्री देवी पत्नी श्री शिवमंगल सिंह | ब्यव. भू-खण्ड क्रमांक 157 | श्रीमती पूजा सिंह पत्नी श्री रणवीर सिंह निवासी नवजीवन विहार |
| 6 | श्री चन्द्र प्रकाश अग्रवाल तनय श्री श्यामलाल अग्रवाल निवासी नवजीवन विहार | हर्रई आवासीय भ-खण्ड क्रमांक 99 साईज 12X18 मीटर | श्री गौरव अग्रवाल तनय श्री नन्द कुमार अग्रवाल निवासी नवजीवन विहार |
| 7 | श्री विजय कुमार अग्रवाल तनय स्व. श्री दीनाराम अग्रवाल निवासी नवजीवन विहार | शिवाजी का. फलैट क्रमांक 22 | श्रीमती वन्दना अग्रवाल पत्नी श्री नन्दकुमार अग्रवाल |
| 8 | श्री आकाश साजी तनय स्व. श्री सी. साजी एवं श्रीमती स्वर्णलता जे. पत्नी स्व. श्री साजी | शिवाजी का. फलैट क्रमांक 04 | श्री नन्दकुमार अग्रवाल तनय स्व. श्री पन्नालाल अग्रवाल निवासी नवजीवन विहार |

अत: उपरोक्तानुसार कालम नम्बर 4 में उल्लेखित व्यक्तियों के नाम से नामान्तरण किये जाने हेतु सार्वजनिक इश्तहार के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर निगम कार्यालय में साक्ष्य सहित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त आपत्तियां विधि मान्य नहीं होगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम
सिंगरौली (म.प्र.)

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सरकार की प्राथमिकता : रीती

## विधायक ने तिलक लगाकर नवप्रवेशी छात्राओं का किया स्वागत, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का किया वितरण

### सीएम राइज में जिलास्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न





सीधी। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी विद्यालयों में स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम सीएम राइज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में विधायक सीधी रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह द्वारा की गई। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले माँ सरस्वती को पुष्प माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर स्वस्ति वाचन किया गया। विधायक सहित अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर उनका विद्यालय में स्वागत किया गया तथा निरूशुल्क पाठ्यपुस्तक छात्राओं को प्रदान की गई। विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सरकार की प्राथमिकता है। शासकीय विद्यालयों में सरकार द्वारा सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। आज अभिभावक निजी स्कूलों के स्थान पर शासकीय विद्यालयों को प्राथमिकता दे रहे हैं। विधायक ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शासन स्तर से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। निःशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तक, साइकिल के साथ छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है। बच्चों को अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने पर स्कूटी और लैपटाप प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किया जाता है। विधायक ने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जिससे वह देश की एक जिम्मेदार नागरिक बन अपने परिवार और जिले का नाम रोशन करें। विधायक ने कक्षा 5वीं व 8वीं के अच्छे परीक्षा परिणाम पर छात्रों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने बच्चों को समय का सदुपयोग करते हुए अनुशासित रहकर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थी जीवन आपके भविष्य की नींव तैयार करता है। आपके द्वारा आज की गई मेहनत आपको भविष्य में सुखद परिणाम देगी। पूरी ईमानदारी एवं समर्पण से शिक्षा प्राप्त करें। साथ ही विद्यालय की खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में भी सहभागिता करें। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा जिला परियोजना समन्वयक ने विभाग की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य श्री सुभाष पटेल ने किया।

इस अवसर पर पार्षद पूनम सोनी, विश्वबंधु धर द्विवेदी, पुनीत नारायण शुक्ला, पंकज पाण्डेय, राजेश द्विवेदी, पुष्पराज सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक गण, छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में इको क्लब द्वारा हुआ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




सीधी। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में इको क्लब द्वारा ''धारणीय विकास'' पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के सिंह के निर्देशन में तथा इको क्लब प्रभारी प्रोफेसर दिवाकर सिंह के संयोजकत्व में आयोजित किया गया। कार्यशाला के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी. के. सिंह तथा रिसोर्स पर्सन शासकीय शहीद केदार नाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज के वनस्पति शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ प्रकाश चंद्र पटेल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती वंदना के साथ हुई।

प्राचार्य डॉ पी के सिंह ने सारगर्भित उद्बोधन में धारणीय जीवन शैली को जीवन में उतारने पर बल दिया। साथ ही प्रकृति एवं प्राकृतिक श्रोतो के संरक्षण और संवर्धन के महत्व को बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. आर. बी. एस. चौहान, डॉ. अरुणा सिंह ठाकुर, डॉ.अरविंद त्रिपाठी ने प्राकृतिक जीवन शैली एवं जैव विविधता संरक्षण की महत्ता को समझाया। कार्यक्रम में इको क्लब प्रभारी प्रोफेसर दिवाकर सिंह ने पर्यावरण के संरक्षण में 7 आर (रिड्यूस, रियूज,रिफ्यूज, रिपेयर, रिगिफ्ट, रिसायकल एंड रिथिंक) को उदाहरण सहित छात्र/छात्राओं को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय मड़वास के प्राचार्य डॉ आई.पी.प्रजापति ने इको क्लब के प्रकृति भ्रमण में गए बच्चों से अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रविंद्रनाथ सिंह, डॉ. उमाकांत साहू, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय कुसमी डॉ उमाशंकर तिवारी, सिहावल क्रीड़ा अधिकारी डॉ रियाजुद्दीन, डॉ गौरव यादव, डॉ अनीता द्विवेदी, डॉ के. एल.प्रजापति, डॉ राजलाल पटेल, डॉ सूर्येन्द्र मिश्रा, डॉ वीणा सिंह, महाविद्यालय के अन्य स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ आई.पी.प्रजापति ने किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर दिवाकर सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने सुनी 90 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश



सीधी। नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 90 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# कलेक्ट्रेट में किया गया राष्ट्र गान एवं राष्ट्रगीत का गायन



सीधी। अप्रैल माह के कार्य का आगाज राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के गायन के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर अंशुमन राज की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुआ। इस मौके पर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# दिव्यांगजन समाज के विशिष्ट जन है, इनके कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है: सांसद

## सांसद ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का किया वितरण

सीधी। सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा अटल ऑडोटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीधी अंतर्गत चिन्हित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। आरईसी लिमिटेड (भारत सरकार का विद्युत मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र का एक महारत्न उद्यम) के निगमित समाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत आरईसी फाउण्डेशन के माध्यम से जनपद क्षेत्र के 98 हितग्राहियों को 15 लाख 84 हजार रूपये राशि के 159 सहायक उपकरणों का वितरण किया गया।

सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं। वह समाज के अन्य लोगों के साथ गरिमामय जीवन व्यतीत करें यह हमारी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इन्हे विशिष्ट जन का दर्जा दिया है। दिव्यांगजनों को कई जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सांसद डॉ मिश्रा ने सहायक उपकरणों के वितरण कार्यक्रम के लिए आरईसी फाउंडेशन तथा एलिम्को की सराहना की। सांसद ने कहा कि जिले के सभी दिव्यांगजनों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले। उनके लिए आवश्यकतानुसार कृत्रिम अंगों तथा सहायक उपकरणों की व्यवस्था हो। सांसद ने कहा कि इस पुनीत कार्य के लिए पुन: शिविरों का आयोजन किया जाएगां शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार हो तथा गुणवत्तापूर्ण आयोजन हो। कोई भी पात्र व्यक्ति हितलाभ से वंचित नहीं रहे। यदि किसी दिव्यांग को हितलाभ से वंचित किया जाता है तो संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों पर जिम्मेदारी निर्धारित की जाए।

सांसद डॉ राजेश मिश्र ने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने सर्वे का कार्य जारी है। इसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल कर दी गई है। सभी गांवों में सर्वे कार्य की निगरानी रखी जाए जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति छूटे नहीं। इस अवसर पर सांसद ने सभी से जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागिता की अपील की। सांसद ने कहा कि जल है तभी जीवन है। हमें पानी की एक-एक बूंद बचाने का प्रयास करना चाहिए। इस अभियान को जन सहयोग से जन आंदोलन में बदलने की आवश्यकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह तथा जनपद पंचायत सीधी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार ने दिव्यांगजनों को इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने लाभान्वित दिव्यांगजनों से प्राप्त सहायक उपकरणों का लगातार उपयोग करने तथा उनके व्यवस्थित रखरखाव की अपील की। ऐसे हितग्राही जिन्हें मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिली है उन्हें संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि पहले इसे चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर लें। ठीक से अभ्यास के बाद ही भीड़ वाले स्थानों में उपयोग करें।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जिला जेल सीधी का निरीक्षण

सीधी




मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री प्रयाग लाल दिनकर के कुशल मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री मुकेश कुमार शिवहरे ने मंगलवार दिनांक 01ध्04ध्2025 को विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजन के साथ जिला जेल सीधी का निरीक्षण किया। उक्त शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे ने बंदियों से अधिवक्ता, जेल में भोजन की गुणवत्ता चिकित्सकीय मेल-मिलाप तथा अन्य समस्याओं के संबंध में पूछताछ की तथा बंदियों को उनके अधिकार संबंधी जानकारी दी। शिविर में श्री मुकेश कुमार शिवहरे ने उपस्थित बंदियों को अपील एवं पेरोल के अधिकार, तथा प्ली बारगेनिंग संबंधी जानकारी दी।

उक्त शिविर में उप जेल अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार तिवारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी श्री रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, सहित समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

# समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन एवं मिलिंग के संबंध में जांच दल गठित

सीधी। मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन एवं मिलिंग के संबंध में जिले में जांचदल का गठन किया गया है।

जारी आदेशानुसार नीलेश शर्मा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जांच दल के अध्यक्ष होंगे। नागेन्द्र सिंह परिहार जिला आपूर्ति अधिकारी संयोजक, दीप्ति वनवासी उपायुक्त सहकारिता, कमल मकाश्रे जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, एम.एल. बढेरा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम एवं सुनील अग्रवाल शाखा प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी जांच दल के सदस्य होंगे।

गठित जांच दल को प्रमुख रूप से उपार्जित धान मात्रा, धान परिवहन मात्रा, धान जमा मात्रा, धान कमी मात्रा, मिलर्स को भुगतान की स्थिति, मिलरवार धान प्रदाय मात्रा, मिलरवार सीएमआर जमा मात्रा की विस्तृत जांच पूर्ण कर प्रतिवेदन एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नगर पालिका की बैठक में फ्लाईओवर की सौगात दिलाने के लिए सांसद का हुआ धन्यवाद

सीधी। नगर पालिका परिषद सीधी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे सांसद प्रतिनिधि अमित प्रधान ने सांसद डॉ राजेश मिश्र के द्वारा सीधी नगर में सम्राट चौक से लेकर संजय गांधी महाविद्यालय तक फ्लाइओवर की सौगात दिलाने के लिए धन्यवाद प्रस्ताव रखा गया, जिसका सभी सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि से स्वागत किया गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन बनाए: सांसद



सीधी। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने ग्राम कपुरी में रामसागर तालाब के संरक्षण एवं संवर्धन कार्य का शुभारंभ किया। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि जल है तभी जीवन है। जल के बिना जीवन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए जल का संरक्षण एवं संवर्धन करना अत्यन्त आवश्यक है।

सांसद ने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन को जन आंदोलन बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सरकार द्वारा नए अमृत सरोवरों एवं खेत तालाबों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही साथ पुराने तालाबों, बावडियों, कुओ एवं अन्य जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार कराया जायेगा। सांसद ने कहा कि यह अभियान जन-जन के जीवन से जुडा अभियान है। इस अभियान की सफलता के लिए इसमें समाज के हर वर्ग को भागीदारी निभाकर जन आंदोलन बनाना होगा। हमें अपनी पुरानी जल संरचनाओं का सम्मान करना होगा। अपने नदियों, तालाबों की सुरक्षा में साफ-सफाई में अपना योगदान देना होगा। हमें वर्षा के जल को संरक्षित करने की दिशा में अपना योगदान देना होगा। हमें अपने रोजमर्रा के जीवन में भी पानी का अपव्यय रोकना होगा। सांसद ने कहा कि यह अभियान हमारे वर्तमान और भविष्य दोनो से जुड़ा हुआ है। हमें अपने आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर परिवेश बनाकर देना है। इस अवसर पर सांसद ने सभी से पौधे लगाने तथा अपने पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन में सहभागिता करने की अपील की है।

इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी शैलेष द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग पी.के. त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधिगण गणमान्य नागरिक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# मोटर वाली ट्रायसाइकिल एवं वैशाखी मिलने से दिव्यांग विजय का बढ़ा आत्म विश्वास

सीधी। दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद सीधी के वार्ड 14 आजाद नगर में रहने वाले 33 वर्षीय दिव्यांग विजय सोनी को मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल एवं बैशाखी मिली है, जो उनके लिए चलने-फिरने और दूरस्थ क्षेत्रों में आने जाने के लिए सहायक होगी। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। दूसरों पर निर्भर रहने वाले विजय ने स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का मन बना लिया है।

**कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व,**
शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला-सीधी, 486661, (मध्य प्रदेश)
फोन नम्बर-7822297542
E.mail. fdsajnp.sdh@mp.gov.in, fdsanjay_tr@rediffmail.com , website. www.sanjaytigerreserve.in

क्र./ई-निविदा/2025/.......... सीधी दिनांक ...............

-: ई-निविदा सूचना :-

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में थार्मल ड्रोन कैमरा क्रय के लिये शासकीय कार्यो हेतु वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत् पंजीकृत, प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं के लिये आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

इस निविदा के लिये दिनांक 07.04.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे हैं। टेण्डर की विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in/ के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 25.04.2025 समय शाम 3.00 तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 26.04.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक रहेगा। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाईट https://mpforest.gov.in/ पर भी देखी जा सकेगी।

जी-25003/24

उप संचालक
संजय टाईगर रिजर्व सीधी

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक. 395 / निर्माण/न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक. 28/03/2025

अनाधिकृत कालोनी विकास के संबंध में सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा द्वारा अनाधिकृत रूप से नियमित की जा रही अवैध कालोनियों के विरूद्ध म.प्र. नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 में वर्णित प्रावधान कण्डिका 22 के तहत अवैध कालोनी निर्माणकर्ता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है। अतः निम्न अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनियों में क्रय किये गये भूखण्ड, कोई अन्तरण हेतु किसी भी प्रकार का करारनामा शून्य होगा। निम्न भूखडों में कोई क्रय/विक्रय किा जाना दण्डनीय अपराध माना जावेगा।

| क्र. | वार्ड क्र./मोहल्ला | अवैध कालोनाइजर का नाम/पता | ग्राम/पटवारी /तहसील/हल्का | आराजी नं. | कुल रकवा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04 चोरहटा | 1. श्री ज्ञानेन्द्र सिंह पिता इन्द्रभान सिंह<br>2. श्री जय सिंह पिता दया सिंह<br>3. श्री नितिन शर्मा पिता श्री रविन्द्र शर्मा<br>4. श्रीमती आरती सिंह पत्नी श्री उदय प्रताप सिंह<br>5. श्री विकास कुमार वर्मा पिता श्री लल्ला प्रसाद वर्मा<br>6. श्री अनूप द्विवेदी पिता तेजभान द्विवेदी<br>7. श्री अमित कुमार पाण्डेय पिता श्री रामजी पाण्डेय<br>8. श्री करण सिंह परिहार पिता श्री पुष्पराज सिंह परिहार<br>9. श्री अरूण कुमार पटेल पिता श्री रामयश पटेल<br>पता- चोरहटा जिला रीवा (म.प्र.) | चोरहटा हुजूर नगर | खसरा क्र. 826/3/2/1 S जुज रकवा 0.4339 हे. खसरा क्र. 826/3/2/2 S जुज रकवा 0.0171 हे. | जुज रकवा 0.451 हे. |

उपरोक्तानुसार सर्व साधारण एवं भूमि स्वामी अवगत होकर सूचित हों।

कार्यपालन यंत्री
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा ( म.प्र. )

## संपादकीय

# तालमेल पर ध्यान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपनी नागपुर यात्रा के दौरान हालांकि कई कार्यक्रमों में शिरकत की, लेकिन इस दौरे का सबसे खास पहलू था उनका संघ मुख्यालय जाना। नरेंद्र मोदी बतौर प्रधानमंत्री कभी वहां नहीं गए थे। उनसे पहले संघ मुख्यालय जाने वाले एकमात्र प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी रहे। वैसे तो पीएम मोदी संघ प्रचारक रहे हैं, संघ की सोच और उसके अजेंडा को लेकर उनका समर्पण संदेहों से परे रहा है, फिर भी कई वजहों से केंद्र सरकार और संघ के बीच रिश्तों में कथित रूप से थोड़ी असहजता देखी जा रही थी। पिछले साल बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनावों से पहले कहा था कि पार्टी अब इतनी समर्थ हो गई है कि उसे संघ के सहारे की जरूरत नहीं। इस बयान को भी दोनों के रिश्तों में असहजता से जोड़कर देखा गया। खैर, औपचारिक तौर पर संघ की कोई बीजेपी अध्यक्ष के इस बयान पर प्रतिक्रिया नहीं आई, लेकिन जब लोकसभा चुनावों में बीजेपी 'अबकी बार चार सौ पार' के दावों के बीच अपने दम पर बहुमत भी हासिल नहीं कर पाई तो माना गया कि संघ की कथित नाराजगी से उपजी उदासीनता की इसमें बड़ी भूमिका रही। इसके बाद दोनों तरफ से गलतफहमियां दूर करने की कोशिशों का नतीजा हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में बीजेपी को मिली अप्रत्याशित सफलता को माना गया। अब पीएम मोदी की इस यात्रा ने रहा-सहा संदेह भी दूर करने का काम किया है। आरएसएस से बीजेपी के रिश्तों के संदर्भ से अलग हटकर देखें तो भारतीय राजनीति को प्रभावित करने वाले कुछ और अहम सवाल भी इस यात्रा से जोड़े जाते रहे हैं। ऐसा ही एक सवाल अगले पार्टी अध्यक्ष के नाम पर सहमति बनने का है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह यात्रा पार्टी और सरकार के भविष्य के लिहाज से अहम माने जाने वाले ऐसे कई मसलों पर फैसलों में तेजी लाएगी। पीएम मोदी की अगुआई में हिंदुत्व की राजनीति ने अपना जैसा विस्तार किया है, उसके मद्देनजर यह सवाल भी बहुतों के मन में उठने लगा है कि इस राजनीति के अगले चरण का नेतृत्व कौन करेगा।

# लोकतंत्र का लड़खड़ाता कारवां

**यह 'नया अमेरिका' है, जिस पर डोनाल्ड ट्रंप और उनके विश्वासपात्रों का शासन है। यह मंडली बरसों से चली आ रही राजनयिक, राजनीतिक, सामाजिक और मानवीय मर्यादा को पूरी तरह पलट देने पर आमादा है। उन्हें लोकतांत्रिक शिष्टाचार को दरकिनार कर यह कहने में कोई संकोच नहीं कि उन न्यायाधीशों पर महाभियोग चलना चाहिए, जिन्होंने ट्रंप के कार्यकारी आदेशों के खिलाफ फैसले सुनाने का काम किया है। यह घटनाक्रम मुझे नोबेल प्राप्त प्रोफेसर जोसेफ स्टिगलिट्ज की इस चेतावनी की याद दिलाता है- अमेरिका एक कुलीन तंत्र बन गया है। हम पूर्ण लोकतंत्र बनने की दिशा में बढ़ने के बजाय उल्टी दिशा में जा रहे हैं।**

(शशि शेखर)

लोकतांत्रिक पद्धति से चुने गए राजनेताओं और धनाढ्यों का गठजोड़ इसे झकझोरने में जुटा है। कैसे? दुनिया के सर्वाधिक अमीर लोगों में शामिल एलन मस्क आज डोनाल्ड ट्रंप से कम चर्चित नहीं हैं। उन्हें डोज (डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी) का मुखिया बनाया गया है।

जरा इस संवाद पर गौर फरमाइए- पत्रकार = 'क्या रक्षा सचिव को...'। मार्जोरी टेलर ग्रीन = 'रुको, तुम किस देश से हो?' मार्जोरी टेलर ग्रीन = 'अच्छा, हमें तुम्हारी राय और रिपोर्टिंग की कोई परवाह नहीं है। तुम अपने देश वापस क्यों नहीं चली जातीं? हमारे यहां पहले से बड़ी संख्या में प्रवासी पड़े हैं। तुम लोगों को अपनी सीमाओं की परवाह करनी चाहिए।'

क्या कभी किसी ने सोचा था कि एक दिन ऐसा आएगा, जब उसे संयुक्त राज्य अमेरिका के एक सत्तारूढ़ प्रतिनिधि (सांसद) से ऐसे कठोर, विभाजनकारी और अपमानजनक कथन सुनने पड़ेंगे?

मार्जोरी उस इंग्लैंड की एक पत्रकार को धमका रही थीं, जो दशकों से अमेरिका का सबसे भरोसेमंद सहयोगी और दोस्त रहा है। यह 'नया अमेरिका' है, जिस पर डोनाल्ड ट्रंप और उनके विश्वासपात्रों का शासन है। यह मंडली बरसों से चली आ रही राजनयिक, राजनीतिक, सामाजिक और मानवीय मर्यादा को पूरी तरह पलट देने पर आमादा है। उन्हें लोकतांत्रिक शिष्टाचार को दरकिनार कर यह कहने में कोई संकोच नहीं कि उन न्यायाधीशों पर महाभियोग चलना चाहिए, जिन्होंने ट्रंप के कार्यकारी आदेशों के खिलाफ फैसले सुनाने का काम किया है।

यह घटनाक्रम मुझे नोबेल प्राप्त प्रोफेसर जोसेफ स्टिगलिट्ज की इस चेतावनी की याद दिलाता है- अमेरिका एक कुलीन तंत्र बन गया है। हम पूर्ण लोकतंत्र बनने की दिशा में बढ़ने के बजाय उल्टी दिशा में जा रहे हैं। आज सिद्धांततः तो सभी अमेरिकियों को मतदान का अधिकार है, लेकिन मतदाताओं को दबाने के व्यवस्थित प्रयास हो रहे हैं। तमाम संसाधनों के जरिये कुछ लोगों की आवाज और उनके वोट



को दूसरों की तुलना में अधिक महत्व देने के षड्यंत्र जारी हैं।

प्रोफेसर स्टिगलिट्ज की यह भी मान्यता है कि लोकतंत्र के लुढ़कने की दूसरी निशानी यह है कि अमेरिका के कई राज्यों में इन दिनों विमर्श चल रहा है, विज्ञान की किताबों से जलवायु परिवर्तन को बाहर किया जाए। इसके साथ, कई राज्यों में यह बहस छिड़ी है कि नस्लवादी उत्पीड़न के पाठ को छोटा किया जाए। तय है, पर्यावरण, शोषण, असमानता और आजादी के महत्व की जानकारी से यदि हम स्कूली बच्चों को दूर कर देंगे, तो वे उन महान मानवीय मूल्यों से वंचित रह जाएंगे, जिन्होंने धरती के नए निजाम को गढ़ा है।

लोकतांत्रिक पद्धति से चुने गए राजनेताओं और धनाढ्यों का गठजोड़ इसे झकझोरने में जुटा है। कैसे? दुनिया के सर्वाधिक अमीर लोगों में शामिल एलन मस्क आज डोनाल्ड ट्रंप से कम चर्चित नहीं हैं। उन्हें डोज (डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी) का मुखिया बनाया गया है। उनकी उलटबांसियों से न केवल राज्यकर्मी, बल्कि संसार की सर्वाधिक शक्तिशाली अमेरिकी सेना तक चकित है।

इसके बावजूद राष्ट्रपति ट्रंप उन्हें जिस तरह पोसते हैं, इसका एक उदाहरण देता हूं। मस्क द्वारा निर्मित टेस्ला कार की बिक्री जब घटने लगी, तो ट्रंप ने इसे राजनीतिक साजिश करार देते हुए घोषणा की कि मैं खुद टेस्ला की कार खरीदूंगा। अगले ही हफ्ते वह मस्क के साथ नई नवेली टेस्ला के सामने खड़े होकर फोटो खिंचवा रहे थे। दुनिया का सबसे ताकतवर हुक्मरां किसी निजी कंपनी द्वारा निर्मित कार के प्रचार के लिए मॉडलों जैसा व्यवहार करे, तो आप क्या कहेंगे? पुरानी कहावत है, व्यापारी बिना मुनाफे के कोई काम नहीं करते। मस्क ने ट्रंप को चुनाव लड़ने के लिए 288 मिलियन डॉलर (भारतीय मुद्रा में 248 करोड़ रुपये से अधिक) का चंदा दिया है। इसके बदले में वह अपनी कंपनी स्पेसएक्स के लिए करदाताओं की जेब से निकले धन का बड़ा हिस्सा चाहते हैं। मस्क इससे पहले की हुकूमतों से भी तगड़ी इमदाद वसूलते रहे हैं। धनबल और सत्ताबल जब इस तरह की जुगलबंदी कर रहे हों, तब इसका क्या असर देखने को मिलेगा?

बहुत दूर जाए बिना आप सिर्फ राष्ट्रपति ट्रंप के पिछले दो महीने के बयानों पर नजर डाल देखिए। वह गाजा को 'अद्भुत रियल स्टेट' बताते हुए फरमाते हैं कि वहां की आबादी को अपनी सरजमीं छोड़ पड़ोसी देशों में पनाह ले लेनी चाहिए। उन्हें यह कह देने में भी गुरेज नहीं कि यूक्रेन और रूस के समझौते में यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की की कोई जरूरत नहीं। युद्ध-विराम कराने के बदले अमेरिका यूक्रेन की खनिज संपदा के साथ परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का स्वामित्व चाहता है। इसके बदले में रूस क्रीमिया के बाद यूक्रेन के नए इलाकों को कब्जा ले, इससे भी उन्हें गुरेज नहीं।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद ऐसा पहली बार हो रहा है, जब विश्व की दो बड़ी ताकतें एक कमजोर संप्रभु देश के नसीब का बंटवारा उसकी मर्जी जाने बिना करने जा रही हैं।यही नहीं, युद्ध-विराम की घोषणा के बावजूद जिस तरह इजरायल गाजा पर बम बरसाते हुए जमीनी कार्रवाई की धमकी दे रहा है, उससे भी तमाम आशंकाएं उपज रही हैं। क्या यह एक बड़े सिलसिले की शुरुआत है? ट्रंप इससे पूर्व पनामा नहर और ग्रीनलैंड पर कब्जे की मंशा जता चुके हैं। पेशेवर विदेश नीतिज्ञ इसे अमेरिका की नहीं, व्हाइट हाउस की नीतियां मानते हैं।यह संयोग नहीं है कि दुनिया के तमाम देशों में इस प्रवृत्ति का उफान देखा जा रहा है। भारतीय उप-महाद्वीप के देश भी इससे अछूते नहीं हैं। पाकिस्तान के 'नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो' का दावा है कि सत्तारूढ़ शरीफ परिवार के पास 730 करोड़ से अधिक की संपत्ति है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुखतम विपक्षी नेता इमरान खान 450 करोड़ रुपये की संपत्ति के स्वामी हैं। भ्रष्टाचार की इस मैली गंगा में पाकिस्तानी फौज भी डुबकियां लगा रही है। और तो और, बांग्लादेश के 'क्रांतिकारी' रहबर मोहम्मद यूनुस तक करोड़पति हैं।

खुद हमारे देश में हालात बदल रहे हैं

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 18वीं लोकसभा के 543 सदस्यों में से 504, यानी 93 फीसदी सदस्य करोड़पति हैं, जबकि 75 प्रतिशत के पास औसतन तीन करोड़ से अधिक की दौलत है। साल 2009 में करोड़पति लोकसभा सदस्यों की संख्या 58 प्रतिशत थी, जो अगली हर लोकसभा में बढ़ती हुई क्रमश = 82 प्रतिशत, 88 फीसदी और 93 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इस रफ्तार से शायद अगली लोकसभा सौ फीसदी करोड़पतियों की होगी। एक आम भारतीय और उसके द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों के बीच आर्थिक हैसियत में असमानता बढ़ रही है। मौजूदा वक्त में यह अंतर 27 गुने का है, जो लगातार पनप और पसर रहा है। भूलें नहीं। ट्रंप, शरीफ, मेलोनी अथवा फ्रेडरिक मर्ज जैसे लोगों को उनके देश के बहुमत ने चुना है। ट्रंप और शरीफ की पार्टी तो सत्ताबदर होने के बाद दोबारा लौटी है। जाहिर है, संसार भर के लोगों का मन उन लोगों से हट रहा है, जो उदारवाद के मुखौटे लगाकर सिर्फ अपना हित साध रहे थे। उन्होंने अपने अवाम को कैसे छला है, इसका जीता-जागता उदाहरण 'धरती का स्वर्ग' अमेरिका है। वहां अति संपन्नता के बावजूद जीवन प्रत्याशा और उल्लास घट रहा है। ऐसे में, भरोसा टूटना स्वाभाविक है और इसीलिए बड़बोले नेताओं की बन आई है। यहां सवाल उठना लाजिमी है कि सन् 1789 की फ्रांसीसी राज्य-क्रांति ने स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के उद्घोष के साथ जिस प्रवृत्ति से बगावत की थी, वह लौट क्यों रही है?

# महिलाओं के प्रजनन अधिकारों की रक्षा में छिपी खुशहाली

**लैंगिक समानता, परिवार नियोजन, यौन व प्रजनन स्वास्थ्य और एचआईवी/एड्स से जुड़े सार्वजनिक विमर्शों में इस तथ्य को सामने लाने की जरूरत थी। मुझे इस संदर्भ में तमाम लोगों से बात करने का मौका मिला- सरकारी अधिकारियों से लेकर समुदायों के मुखियों तक।**

(शबाना आजमी)

पिछली सदी के आखिरी दशक में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने मुझे दक्षिण एशिया के लिए सद्भावना राजदूत नियुक्त किया था। अपनी नई भूमिका के लिए पूरी तरह तैयार होकर मैंने मुंबई की झुग्गियों में काम करने वाली महिलाओं से बात करने का फैसला किया। मैं गांवों में जाकर सैकड़ों महिलाओं से मिली और यह महसूस किया कि वे अपनी मर्जी से कई बच्चे पैदा नहीं करतीं। इससे उनके शरीर और बच्चों को होने वाले नुकसान से भी वे भली-भांति वाकिफ थीं। इनमें से कई महिलाएं कुपोषित थीं, तो कई एनीमिया (खून की कमी) से पीड़ित। मुझे याद है, मैंने एक महिला से कहा था कि उसके लिए मैं नियमित रूप से गर्भनिरोधक गोलियां भेजने की व्यवस्था करूंगी, जिसे वह अपनी सास और पति को बताए बिना चुपचाप ले सकती है। उसका जवाब था, दीदी, क्या आपको सच में लगता है कि मेरी झोपड़ी में एक भी ऐसी जगह है, जहां मैं परिवार की नजरों से बचाकर कोई चीज रख सकती हूं? उन दिनों कई समुदायों में परिवार नियोजन पर चर्चा करना गलत माना जाता था।

पितृ-सत्तात्मक सोच और सामाजिक मानदंड ही नहीं, कई अन्य कारकों ने भी महिलाओं को परिवार नियोजन, यौन संबंध और प्रजनन से जुड़े मसलों पर फैसले लेने से रोका है। लैंगिक समानता, परिवार नियोजन, यौन व प्रजनन स्वास्थ्य और एचआईवी/एड्स से जुड़े सार्वजनिक विमर्शों में इस तथ्य को सामने लाने की जरूरत थी। मुझे इस संदर्भ में तमाम लोगों से बात करने का मौका मिला- सरकारी अधिकारियों से लेकर समुदायों के मुखियों तक। तब से लेकर अब तक हमने परिवार



नियोजन के क्षेत्र में सराहनीय प्रगति देखी है। हालांकि, भारत के परिवार नियोजन-2030 विजन को हासिल करने के लिए अब भी काफी प्रयास करने की दरकार है।

निस्संदेह, पिछले कुछ वर्षों में गर्भनिरोधक विकल्पों का काफी विस्तार हुआ है। अब ऐसे-ऐसे सुरक्षित और सरल तरीके हैं, जोस्त्रियों को अपने स्वास्थ्य और करियर को लेकर सजग फैसला लेने में सक्षम बना सकते हैं। इससे वे अधिक संतुष्ट जीवन जी सकती हैं। हालांकि, महिलाओं व पुरुषों, दोनों के लिए आधुनिक गर्भनिरोधकों तक पहुंच बनाना अब भी एक चुनौती है। आधुनिक गर्भनिरोधकों की उपलब्धता के बावजूद विवाहितिं त्ररयों (15-49 आयु-वर्ग की) के बीच पारंपरिक तरीकों का उपयोग करीब-करीब दोगुना बढ़ गया है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पारंपरिक तरीके से गर्भनिरोध करने वाली महिलाओं का आंकड़ा 2015-16 में 5.7 प्रतिशत था, जो 2019-21 में बढ़कर 10.2 फीसदी हो गया। सवाल है कि क्या हम उन बुनियादी कारणों को दूर करने में सफल रहे हैं, जो आधुनिक गर्भनिरोधकों को व्यापक तौर पर अपनाने से रोक रहे हैं?

भारत में विशाल युवा आबादी को देखते हुए यहां अस्थायी और अंतराल वाले तरीकों की पहुंच जरूरी है। गर्भनिरोधक, जैसे इंजेक्शन, प्रत्यारोपण व अंतरगर्भाशयी उपकरण (आईयूडी) अनचाहे गर्भ को रोकने के विश्वसनीय तरीके हैं। इसके अलावा, खुद से प्रबंधन करने वाले तरीके भी हैं। ये महिलाओं को अपने गर्भधारण के बीच अंतराल रखने में सक्षम बनाकर मां व बच्चे, दोनों की सेहत को सुधारने में मददगार साबित होते हैं।

एनएफएचएस-5 के मुताबिक, उन महिलाओं की संख्या घटी है, जो गर्भधारण को रोकना या टालना तो चाहती हैं, पर किसी गर्भनिरोधक का इस्तेमाल नहीं कर रही हैं। आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2015-16 में ऐसी महिलाओं की संख्या 12.9 प्रतिशत थी, जो 2019-21 में घटकर 9.4 फीसदी हो गई। यह संकेत है कि महिलाएं अब गर्भधारण में अंतराल लाने वाली विधियों के फायदे समझने लगी हैं। महिलाओं को वास्तव में सशक्त बनाने व उनके प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार के लिए हमें गर्भनिरोधक उत्पादों की पहुंच सुनिश्चित करने के प्रभावी और सुगम तरीके खोजने होंगे। इसके अलावा, गर्भनिरोधकों से जुड़ी गलत धारणाओं को खत्म करने के लिए समाज को शिक्षित भी करना होगा। इसके लिए नामचीन हस्तियों और समाज के बौद्धिकों को यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि वे महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का सम्मान करने वाली नीतियों की वकालत करें। ऐसे प्रयासों से हम स्वस्थ परिवार, सशक्त समाज व बराबरी वाली दुनिया बना सकेंगे। (ये लेखिका के अपने विचार हैं,लेखिक फिल्म अभिनेत्री है)

## वर्ग पहेली 5688

संकेतः बाएं से दाएं
1. 1918 को इस देश ने खुद को स्वतंत्र किया (3)
4. 1975 को इसदक्षिणी अफ्रीकी राज्य को पुर्तगाल से आजादी मिली (3)
7. हजार हाथियों के बराबर बल होने वाली इस राक्षसी का श्रीराम ने वध किया था (3)
8. असि, खड्ग (4)
10. मिट्टी या अन्य धातु का बना हुआ टोंटीदार लोटा जो पूजा आदि में प्रयुक्त होता है (3)
12. सृष्टि धारक तत्व, नैनिकतापूर्ण (2)
13. किसी धातु को पीट और खींचकर बनाया गया एक तंतु, टेलीग्राम (2)
14. रामभक्त हनुमान का एक नाम (4)
17. जीवन के दिन बिताना (2)
18. निकृष्टतमता, रहितता (3)
21. द्रोणाचार्य का एक नाम यह भी है (4)
23. पति-पत्नी का कानूनी रूप से संबंध विच्छेद (3)
25. क्षण, लम्हा (2)
26. मवेशी (4)

(ऊपर से नीचे
1. पौत्र, पोंछा, बेटे का बेटा (2)
2. अवरोहण करना, धरती पर आना (5)
3. पश्चिम अफ्रीका के उभार पर स्थित देश सेनेगल की यह राजधानी है (3)
4. विवाद समाधान, अंतिम (2)
5. वर्तुल, हॉकी (2)
6. जिसका कोई उत्तराधिकारी न हो (4)
9. मनोयोग से लगा हुआ, आसक्त, लिप्त (2)
11. देवीशक्ति, श्यामा, सुकरी (3)
12. ईश्वरीय विधान, सृष्टि धारक तत्व (3)
13. दंडविधान (4)
15. जो मन को भाए (2)
16. दानी, प्रदाता, जो स्वेच्छा से धनादि देता हो (3)
19. दीपध्वज, नेत्रांजन, अंजन (3)
20. पवित्र, पुनीत, पापहीन (2)
22. बारह युगों में यह तीसरा है जो पुराणानुसार यह 864000 वर्ष का माना गया है (3)
24. नफा, फायदा (2)

### वर्ग पहेली 5687 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | ल | बि | हा | री | | आ |
| म | न | का | | ति | | मा | ता |
| र | | र | ह | म | दि | ल | |
| ना | ग | | | ता | न | पू | त |
| व | र | | रा | ई | | आ | ज |
| | म | ज | मा | | लौ | | स्वा |
| वा | ह | | नु | वस | | था | न |
| | वा | त | ज | | मी | ना | |

# भारतीय क्रिकेट को बड़ा झटका, पटौती ट्रॉफी का हुआ अंत !

(जीतू नागपुरे)

अब इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पटौती ट्रॉफी को रिटायर करने का फैसला किया है। पटौदी ट्रॉफी सीरीज पहली बार 2007 में खेली गई थी, जिसमें भारत ने इंग्लैंड को 1-0 से हराया था। जून-जुलाई के महीने में भारतीय टीम जब इंग्लैंड का दौरा करेगी, तभी से पटौदी ट्रॉफी को



आधिकारिक रूप से खत्म किया जा सकता है। भारत और इंग्लैंड के बीच लंबे समय से खेली जा रही पटौती ट्रॉफी का अंत हो गया। ये एक टेस्ट सीरीज है, जिसे महान क्रिकेटर मंसूर अली खान पटौदी के सम्मान में करवाया जाता रहा है। लेकिन अब इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इस ट्रॉफी को रिटायर करने का फैसला किया है। पटौदी ट्रॉफी सीरीज पहली बार 2007 में खेली गई थी, जिसमें भारत ने इंग्लैंड को 1-0 से हराया था। जून-जुलाई के महीने में भारतीय टीम जब इंग्लैंड का दौरा करेगी, तभी से पटौदी ट्रॉफी को आधिकारिक रूप से खत्म किया जा सकता है। हालांकि, पटौदी ट्रॉफी को खत्म करने का कारण का खुलासा नहीं हुआ है। लेकिन किसी अन्य महान क्रिकेटर के नाम पर नई ट्रॉफी का शुरू किया जाना भी कोई चौंकाने वाला विषय नहीं होगा। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के किसी अधिकारी ने इस विषय पर पुष्टि नहीं की है। क्रिकेट में आमतौर पर बहुत कम मौकों पर ट्रॉफी रिटायर की जाती हैं, लेकिन इससे पहले इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेली जाने वाली विसडन ट्रॉफी को भी रिटायर किया गया था। बाद में रिचर्ड्स बॉथम ट्रॉफी की शुरुआत हुई थी। बता दें कि, मंसूर अली खान भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान थे। उन्होंने 1961-1975 के बीच भारतीय टीम का 46 टेस्ट मैचों में प्रतिनिधित्व किया था। इस दौरान उन्होंने अपने करियर में 2,793 रन बनाए, साथ ही उन्होंने अपने करियर में 6 शतक और 16 फिफ्टी भी लगाई थीं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन बहुत अच्छा है और आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। तरक्की के योग बन रहे हैं और आपको भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। रुके हुए काम पूरे होंगे और आपके धन में वृद्धि होगी। कारोबार में धन लाभ होगा और आर्थिक मामलों में योजनाएं सफल होंगी।

### वृष
आज दिन सम्मान और प्रशंसा का है और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्?त होगा। कारोबार में मान सम्मान मिलेगा और लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। ऑफिस में किए गए कार्यों में प्रशंसा मिलेगी और रात में किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का अवसर मिल सकता है।

### मिथुन
आज दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है और आपके घर में किसी कारण से विवाद हो सकता है। प्रॉपर्टी को लेकर भाइयों में आपस में विवाद हो सकता है। शत्रु भी परेशान कर सकते हैं।

### कर्क
आज दिन बहुत शुभ है और आर्थिक मामलों में आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। आपकी योजनाएं सफल होंगी और आपको कारोबार में मुनाफा काफी अच्छा होगा। आपको सफलता मिलेगी। मनोकामना पूर्ति के लिए दिन शुभ है।

### सिंह
आज दिन काफी परेशानियों वाला हो सकता है और आपको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आपके प्रतिद्वंद्वी आपको काफी परेशान कर सकते हैं और आपको कारोबार में अचानक लाभ और प्रगति होगी। संतान से शुभ समाचार मिलेगा और कोई व्यक्ति आपके काम में दखल देने की कोशिश कर सकता है।

### कन्या
आज दिन शुभ है और हर प्रकार का असमंजस दूर होगा। आपके सभी रुके हुए काम पूरे होंगे और आपके रचनात्मक कार्यों में गति आएगी। ज्ञान, विज्ञान, कला और लेखन में सफलता मिलेगी और आपका शाम का वक्?त आनंद में बीतेगा।

### तुला
आज दिन जोखिम भरे कामों से जुड़ा है और आपको परिवार के लोगों से हर प्रकार की मदद प्राप्?त होगी।आपको किसी भी संकट से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। आपके सम्मान में वृद्धि के दिन हैं और आपको कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा।

### वृश्चिक
आज दिन काफी परेशानियों से भरा और अस्त-व्यस्त रह सकता है। आपको घरेलू और व्यावसायिक जीवन में विवादों का सामना करना पड़ सकता है। अपनी कार्यकुशलता से समस्याओं को कम कर पाएंगे। रात का समय किसी सामाजिक या राजनीतिक कार्यक्रम में बीतेगा।

### धनु
आज दिन रणनीति से भरा होगा और आपको प्रतियोगिता या परीक्षा में सफलता के लिए उचित योजना बनाने से लाभ होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और रात को माता की सेहत के लिए दौड़भाग करनी पड़ सकती है। आपका कोई अपना भी आपके पीछे लगा रहेगा और धन संपत्ति के मामले में आपको लाभ होगा।

### मकर
आज दिन खुशियों भरा रहेगा और आपको बड़े सौदों से लाभ होगा। परिस्थितियां अनुकूल होंगी और आपके काम बनेंगे। तनाव कम होगा और ऑफिस में जो लोग काम करते हैं उन्हें अधिक काम करना पड़ेगा। बाकी लोगों के छुट्टी पर जाने की वजह से आपका काम बढ़ सकता है।

### कुंभ
आज दिन काम का बोझ लेकर आएगा और विरोधी आपको फालतू कामों में उलझाने की कोशिश करेंगे। लेकिन आपको उनकी बातों पर ध्?यान देने की जरूरत नहीं है। वरिष्ठ अधिकारी को सूचित करें। आपके खर्चे भी काफी बढ़ सकते हैं। कोई मेहमान आपके घर आकर डेरा डाल सकता है तो आपका काम और खर्च दोनों बढ़ सकते हैं।

### मीन
आज दिन परिवार और रोजगार पर ध्यान देने का है और आपके व्यवसाय के विस्तार के लिए अच्छा समय है। बाहरी मदद भी मिलेगी और आपकी आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आपके धन में वृद्धि के योग हैं और आपको कहीं से रुका धन प्राप्त हो सकता है। आपके तरक्की व सम्मान में वृद्धि के योग बने हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हर अच्छे काम का विरोध होता है, वक्फ संशोधन बिल के विरोध पर बोले सीएम योगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक तरफ जब केंद्र सरकार वक्फ संशोधन बिल को संसद के पटल पर रखने की तैयारी में है तभी सीएम योगी आदित्यनाथ ने पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में इस विषय पर खुलकर अपनी राय रखी है। इस बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हर अच्छे काम का विरोध होता है। इसी तरह वक्फ संशोधन विधेयक पर भी हंगामा हो रहा है। जो लोग इस मुद्दे पर हंगामा कर रहे हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं...क्या वक्फ बोर्ड ने कोई कल्याण किया है सब कुछ छोड़िए, क्या वक्फ ने मुसलमानों का भी कोई कल्याण किया है? सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वक्फ निजी स्वार्थ का केंद्र बन गया है। यह किसी भी सरकारी संपत्ति पर जबरन कब्जा करने का माध्यम बन गया है और सुधार समय की मांग है और हर सुधार का विरोध किया जाता है। सीएम योगी ने कहा कि मैं एक नागरिक के रूम में काम करता हूं। खुद को विशेष नहीं मानता हूं। अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को पूरा करता हूं। मेरे लिए राष्ट्र सबसे ऊपर है। यदि मेरा देश सुरक्षित है तो मेरा धर्म भी सुरक्षित है। इसी तरह यदि धर्म सुरक्षित है तो यह कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि वक्फ में सुधार समय की मांग है। लेकिन यह भी सही है कि हर अच्छे का काम का विरोध होता है। इसी तरह वक्फ संशोधन बिल का भी विरोध हो रहा है। सीएम ने कहा कि वक्फ बोर्ड निजी स्वार्थ का केंद्र और जमीनों पर जबरन कब्जे का जरिया बन गया है। सुधार समय की मांग है और हर सुधार का विरोध होता है। सीएम योगी ने कहा कि वक्फ में सुधार देश और मुस्लिम समुदाय के लाभ के लिए जरूरी है। इस इंटरव्यू में सीएम योगी ने वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के अलावा भी कई विषयों पर बात की। इस बाद ईद और अलविदा नमाज के दिन यूपी में सड़क पर नमाज पढ़ने को लेकर लगी रोक पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि लोगों को महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में आए श्रद्धालुओं से अनुशासन सीखना चाहिए।

### काशी और मथुरा के लिए आंदोलन में शामिल हो सकते हैं स्वयंसेवक!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आरएसएस यानी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने काशी और मथुरा को लेकर नई घोषणा की है। खबर है कि सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कार्यकर्ताओं को दोनों मामलों में सक्रिय भूमिका निभाने की अनुमति दे दी है। कन्नड़ पत्रिका से बातचीत में उन्होंने तीन भाषा नीति का भी समर्थन किया है। उनका कहना है कि यह नीति 95 फीसदी भाषा विवाद का समाधान कर सकती है। एक प्रतिष्ठित अखबार के अनुसार, कन्नड़ पत्रिका विक्रम से बातचीत में होसबाले ने कहा, उस समय (1984) में विश्व हिंदू परिषद, संतों और साधुओं ने तीन मंदिरों की बात की थी। अगर स्वयंसेवकों का एक वर्ग इन तीन मंदिरों (अयोध्या में राम जन्मभूमि मिलाकर) के मामले में जुटना चाहता है, तो हम उन्हें नहीं रोकेंगे। हालांकि, उन्होंने बड़े स्तर पर मस्जिदों पर सवाल उठाने के खिलाफ चेताया और सामाजिक मतभेद से बचने की बात कही है। होसबाले ने भारतीय भाषाओं के संरक्षण की भी बात कही है। उन्होंने कहा, हमारी सभी भाषाओं में बड़े स्तर पर साहित्यिक काम हुआ है। उन्होंने कहा, अगर भविष्य की पीढ़ियां इन भाषाओं को नहीं पढ़ेंगी और लिखेंगी, तो वे कैसे आगे बढ़ेंगी? अंग्रेजी के प्रति लगाव मुख्य रूप से व्यवहारिक कारणों से है...। एक और अहम पहलू ऐसा आर्थिक मॉडल बनाना है, जहां भारतीय भाषाओं में पढ़े लोगों को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा, वरिष्ठ बुद्धिजीवियों, न्यायाधीशों, शिक्षकों, लेखकों और राजनीतिक और धार्मिक नेताओं को इस मामले में प्रगतिशील रवैया अपनाना चाहिए। अखबार के अनुसार, उन्होंने कहा, इतने बड़े देश में अच्छा होगा कि सभी संस्कृत सीख लें। डॉक्टर आंबेडकर ने भी इसकी वकालत की थी। कई लोगों की बोली जाने वाली भाषा सीखने में कोई परेशानी नहीं है। जिन लोगों को रोजगार चाहिए, उन्हें उस राज्य की भाषा सीखनी चाहिए। परेशानी तब होती है, जब राजनीति और विपक्ष के नाम पर इसे थोपे जाने का मुद्दा बना दिया जाता है। क्या भाषा विविधता के बाद भी भारत एकजुट हजारों सालों से एकजुट नहीं है? ऐसा लग रहा है कि हमने भाषा को आज परेशानी बना दिया है।

### मुकेश अंबानी के बेटे की भक्ति यात्रा, क्यों 141 किमी पैदल चलकर द्वारका जा रहे अनंत

**द्वारका, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े कारोबारी और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मालिक मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी एक बार सुर्खियों में हैं। अपने भक्ति भाव और आस्था के लिए पहचाने जाने वाले अनंत अंबानी इन दिनों गुजरात के जामनगर से द्वारकाधीश मंदिर तक पदयात्रा कर रहे हैं। इस पदयात्रा का आज 5वां दिन है। उनके साथ उनके बॉडीगार्ड और सैकड़ों की संख्या में समर्थक और श्रद्धालु भी पदयात्रा कर रहे हैं। इस दौरान वह और उनके साथ पदयात्रा में शामिल लोग हनुमान चालीसा का पाठ करते नजर आए। बताया जा रहा है कि अनंत अंबानी 10 अप्रैल को द्वारका में अपना जन्मदिन मनाएंगे। अनंत अंबानी ने कहा, पदयात्रा हमारे घर जामनगर से द्वारका तक है। यह पिछले 5 दिनों से चल रही है और हम अगले 2-4 दिनों में पहुंच जाएंगे। मेरी पदयात्रा जारी है। भगवान द्वारकाधीश हमें आशीर्वाद दें।

# 600 से ज्यादा प्राइवेट अस्पतालों ने आयुष्मान भारत योजना से खींचे हाथ, गुजरात लिस्ट में सबसे ऊपर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2018 में शुरू हुई भारत सरकार की महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजना, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस योजना के शुरू होने के बाद से अब तक 600 से अधिक प्राइवेट अस्पतालों ने स्वेच्छा से इससे बाहर होने का फैसला किया है। इन अस्पतालों ने देरी से भुगतान और कम रिम्बर्समेंट रेट जैसे कारणों का हवाला देते हुए योजना से खुद को अलग कर लिया है।




**सबसे ज्यादा गुजरात के अस्पताल हुए बाहर :** आयुष्मान भारत योजना से खुद को अलग करने वाले प्राइवेट अस्पतालों में सबसे ज्यादा गुजरात राज्य से हैं। यहां 233 अस्पतालों ने योजना से बाहर होने का फैसला किया। इसके बाद केरल में 146 और महाराष्ट्र में 83 अस्पतालों ने भी इसी तरह का कदम उठाया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव द्वारा राज्यसभा में शेयर किए गए आंकड़ों के अनुसार, कुल 609 प्राइवेट अस्पताल अब तक इस योजना से बाहर हो चुके हैं। यह स्थिति उस योजना के लिए चिंता का विषय बन गई है, जिसका उद्देश्य देश के 10 करोड़ परिवारों या लगभग 50 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है।

**निजी अस्पतालों की शिकायतें :** निजी अस्पतालों का कहना है कि योजना के तहत निर्धारित कम दरें और भुगतान में होने वाली देरी उनके लिए कामकाज को मुश्किल बना रही हैं। कई अस्पतालों ने दावा किया है कि राज्य सरकारों द्वारा समय पर फंड जारी न करने के कारण उनको समय पर पैसे नहीं मिले, जिससे वे इस योजना में भागीदारी जारी रखने में असमर्थ हो रहे हैं। उदाहरण के तौर पर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की हरियाणा इकाई के तहत फरवरी में सैकड़ों निजी अस्पतालों ने योजना के तहत सेवाएं बंद करने की घोषणा की थी, क्योंकि वहां 400 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान बकाया था। इसके बाद, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में भी निजी अस्पताल और नर्सिंग होम एसोसिएशन ने इसी तरह की निलंबन की मांग की। छत्तीसगढ़ और गुजरात जैसे राज्यों में कुछ ट्रीटमेंट पैकेज केवल सरकारी अस्पतालों के लिए आरक्षित होने और सरकारी अस्पतालों से कोई रेफरल न मिलने के कारण भी निजी अस्पताल इससे बाहर निकल रहे हैं। स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने राज्यसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) ने अंतर-राज्यीय अस्पतालों के लिए क्लेम दाखिल करने के 15 दिनों के भीतर और पोर्टेबिलिटी अस्पतालों (राज्य के बाहर स्थित) के लिए 30 दिनों के भीतर अस्पतालों को क्लेम का भुगतान करने के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित किए हैं। आयुष्मान भारत योजना को 23 सितंबर, 2018 को झारखंड के रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च किया गया था। यह योजना गरीब और कमजोर परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान करती है। योजना में शुरू में लगभग 10.74 करोड़ गरीब और कमजोर परिवार शामिल थे, जो 2011 की सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना के अनुसार भारत की आबादी के निचले 40 प्रतिशत हैं। बाद में जनवरी 2022 में लाभार्थी आधार को संशोधित कर 55.0 करोड़ व्यक्तियों या 12.34 करोड़ परिवारों तक कर दिया गया। अकेले 2024 में, इस योजना का विस्तार करके 37 लाख आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा लाभ के लिए कवर किया गया, और साल के अंत में सरकार ने 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को इसमें शामिल करने की घोषणा की। बाद में, ओडिशा और दिल्ली पीएमजेएवाय में शामिल होने वाले 34वें और 35वें राज्य या केंद्र शासित प्रदेश बन गए, जिससे इस योजना के तहत 70 लाख से अधिक परिवार और जुड़ गए। सरकार का कहना है कि वह इस समस्या को हल करने के लिए कदम उठा रही है। हरियाणा में आयुष्मान भारत की संयुक्त सीईओ अंकिता अधिकारी ने हाल ही में कहा था कि फंड जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और एक सप्ताह के भीतर स्थिति को संभाल लिया जाएगा। इसके अलावा, केंद्र सरकार ने निजी अस्पतालों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पैकेज दरों की समीक्षा और भुगतान प्रक्रिया को तेज करने की बात कही है।

## साध्वी प्राची ने उठाई राष्ट्रीय पुरुष आयोग बनाने की मांग, कहा-पुरुषों का हो रहा अब महिलाओं से ज्यादा उत्पीड़न

**हरिद्वार , एजेंसी।** जहां एक ओर देश में पत्नियों से प्रताड़ित पतियों की संख्या बढ़ती जा रही है. वहीं दूसरी ओर कुछ से राष्ट्रीय पुरुष आयोग के गठन की मांग की जा रही है.अक्सर अपने बयानों से चर्चा में रहने वाली विश्व हिंदू परिषद की फायर ब्रांड नेता साध्वी प्राची ने इस बार पुरुषों को लेकर एक बड़ा बयान दिया है. जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से पुरुषों के लिए महिलाओं के जैसा पुरुष आयोग बनाने की मांग उठाई है. उनका कहना है कि पिछले सालों में पुरुषों का उत्पीड़न महिलाओं से ज्यादा देखा जा रहा है. ऐसे में देश को जरूरत है कि महिलाओं के जैसा ही एक पुरुष आयोग भी बने.

हिंदूवादी नेत्री साध्वी प्राची ने पुरुष आयोग बनाने की मांग की है. लगातार सामने आ रहे पुरुषों के उत्पीड़न के मामलों के बाद साध्वी प्राची ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पुरुष आयोग बनाने की मांग की. हरिद्वार स्थित अपने आश्रम में मीडिया से बात करते हुए साध्वी प्राची ने कहा कि पहले महिलाओं का उत्पीड़न होता था, जिसके लिए महिला आयोग बनाया गया और उससे महिलाओं को संरक्षण भी मिला. लेकिन अब जिस तरह देश भर के अलग-अलग हिस्सों से कई ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जिसमें पुरुषों का उत्पीड़न और हत्याएं हो रही हैं. अब समय आ गया है कि पुरुषों को उत्पीड़न से बचाने के लिए पुरुष आयोग भी बनाया जाए.

बता दें कि देश में राष्ट्रीय पुरुष आयोग बनाने की मांग तेज होती जा रही है. इस मांग को लेकर बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दाखिल कर दी गई. वकील महेश कुमार तिवारी ने यह याचिका दायर की थी. जिसमें घरेलू हिंसा के शिकार विवाहित पुरुषों द्वारा आत्महत्या जैसे मामलों से निपटने के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी.याचिका में भारत में आकस्मिक मौतों पर 2021 में प्रकाशित एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया कि देश भर में 1,64,033 लोगों ने आत्महत्या की. इनमें से 81,063 विवाहित पुरुष और 28,680 विवाहित महिलाएं शामिल हैं. यह भी बताया गया कि साल 2021 में करीब 33.2 प्रतिशत पुरुषों ने पारिवारिक समस्याओं के कारण और 4.8 प्रतिशत ने विवाह संबंधी वजहों से अपनी जान दे दी थी.

## अप्रैल और जून में खूब पड़ने वाली है गर्मी, लू की मार भी करेगी बेहाल; मौसम विभाग ने चेताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। मध्य व पूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में अधिकतर दिन लू चल सकती है। यह बात भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को कही। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि पश्चिमी और पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। इन दोनों क्षेत्रों में तापमान के सामान्य रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं। महापात्रा ने कहा, 'अप्रैल से जून तक उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों, मध्य भारत और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में सामान्य से अधिक लू चलने की संभावना है।' आमतौर पर भारत में अप्रैल से जून तक 4 से 7 दिन तक लू चलती है। आईएमडी के एक अधिकारी ने पहले कहा था कि उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मियों के दौरान लू के दिनों की संख्या दोगुनी हो सकती है। इस क्षेत्र में गर्मियों के मौसम के दौरान आमतौर पर 5 से 6 दिन लू चलती है। जिन राज्यों में सामान्य से अधिक दिन लू चलने की संभावना है उनमें राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु के उत्तरी हिस्से शामिल हैं।

# प्राइवेट कॉलेजों में भी मिले एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण, कांग्रेस ने उठाई मांग, खुद किया था किनारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में भी जातिगत आरक्षण देने की मांग उठाई है। कांग्रेस की संचार सेल के प्रमुख जयराम रमेश ने सोमवार को यह डिमांड की। उन्होंने संसदीय समिति की सिफारिश का समर्थन करते हुए यह मांग की, जिसमें कहा गया है कि संविधान के आर्टिकल 15(5) के तहत निजी संस्थानों में भी ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग को आरक्षण दिया जाए। दिलचस्प बात यह है कि करीब 20 साल पहले ही यह मामला आया था और संविधान में संशोधन के बाद भी तत्कालीन यूपीए-1 सरकार इससे पीछे हट गई थी। इस सरकार का नेतृत्व कांग्रेस की ओर से ही किया जा रहा था। यूपीए सरकार के दौर में ही संविधान में 93वां संशोधन हुआ था, जिसमें आर्टिकल 15(5) लाया गया था।

यूपीए सरकार ने 2006 में इस प्रावधान के तहत सेंट्रल एजुकेशन इंस्टिट्यूशंस ऐक्ट पारित किया था। इसके जरिए सरकारी उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू किया गया था, लेकिन निजी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं था। जयराम रमेश ने कहा कि 2008 में इस मामले की सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई हुई थी, जिसने इसे बरकरार रखा था। अदालत ने यह भी कहा था कि निजी गैर-सहायता प्राप्त संस्थानों में



दाखिले पर आरक्षण के सवाल पर भी विचार किया जा सकता है। अब लगभग दो दशक बाद कांग्रेस ने फिर से यह मांग उठाई है कि निजी संस्थानों में दाखिले पर आरक्षण लागू हो, जिस पर उसने अपने दौर में चुप्पी साध ली थी। कांग्रेस ने बयान जारी करते हुए कहा कि अदालत के फैसले से साफ है कि एससी, एसटी और ओबीसी समाज के लोगों को संवैधानिक तौर पर निजी संस्थानों में आरक्षण मिल सकता है। बता दें कि 2024 के आम चुनाव में भी कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में इस आरक्षण का वादा किया था। अब संसदीय समिति ने भी ऐसे ही आरक्षण की सिफारिश की है तो उस मांग को कांग्रेस ने फिर तेज किया है। इस समिति का नेतृत्व कांग्रेस के सांसद दिग्विजय सिंह कर रहे हैं। फिलहाल देश के किसी भी निजी शिक्षण संस्थान में जातिगत आरक्षण लागू नहीं है। हालांकि जानकार मानते हैं कि अकेले आर्टिकल 15 (5) के भरोसे ही आरक्षण लागू नहीं किया जा सकता। ऐसा करने के लिए एक और कानून की जरूरत है, जो इसका समर्थन करे। दरअसल 2002 में एक केस की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि शैक्षणिक संस्थान स्थापित करना मूल अधिकार है। इसके अलावा यह भी संस्थान का अधिकार है कि वह तय करे कि प्रवेश प्रक्रिया क्या होगी। जानकार मानते हैं कि जिस तरह से देश में स्तरीय निजी विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ी है, उसे देखते हुए वंचित वर्ग के बच्चों को भी दाखिले में प्राथमिकता दी जाए। इसकी जरूरत है। फिलहाल कांग्रेस की मांग पर केंद्र सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं आया है।

# नूंह-अलवर हाईवे का 47 किलोमीटर हिस्सा होगा 4 लेन, केंद्र ने मेवातियों को दी खुशियों वाली ईदी

**नूंह, एजेंसी।** हरियाणा के नूंह से अलवर नौगांव बॉर्डर तक नेशनल हाईवे-248ए के 47 किलोमीटर लंबे हिस्से को चार लेन बनाया जाएगा। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इसके लिए 400 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया है। केंद्र सरकार ने इस तोहफे से मेवातियों की ईद की खुशी को चार गुना बढ़ा दिया है। क्षेत्रवासी इस परियोजना को ईद का तोहफा मान रहे हैं। वन विभाग की एनओसी के बाद जल्द ही टेंडर और निर्माण कार्य किया जाएगा। केंद्र सरकार से बजट मंजूरी के बाद लोगों ने एक दशक लंबे संघर्ष के लिए प्रख्यात स्वयंसेवक राजूद्दीन को बधाइयां दी है। शिक्षाविद् मास्टर अब्दुल वहाब ने कहा कि इस हाईवे फोरलेन के लिए मेवात आरटीआई मंच ने वर्ष 2018 में बड़कली चौक पर छह दिन का धरना दिया था। धरने में सामाजिक कार्यकर्ता राजूद्दीन ने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने मेवात क्षेत्र के सिंगल हाईवे को फोरलेन बनाने की मुहिम सड़क से लेकर संसद तक चलाई। खास बात यह रही थी



उनकी पत्नी सबीला जंग भी इसमें शामिल रहीं। डेढ़ दशक लंबे संघर्ष के दौरान मेवात आरटीआई मंच एवं मौजी फाउंडेशन ने भूख-हड़ताल, ज्ञापन पत्र, हस्ताक्षर अभियान, धरना-प्रदर्शन, स्लोगन पेंटिंग आदि बनाकर विरोध प्रदर्शन किए थे। नूंह-अलवर सिंगल हाईवे पर पिछले 10 साल में करीब 2500 मौत हुई हैं। मंच की तरफ से 2019 में 100 फुट लंबे कपड़े पर 20 हजार लोगों के हस्ताक्षर कराकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा गया था। वहीं, दूसरी ओर केंद्र सरकार ने राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर जिले में एनएच-70 और एनएच-11 (कुल लंबाई 134.86 किलोमीटर) के मौजूदा कनेक्शन को मजबूत और चौड़ा करने के लिए 1237.71 करोड़ को स्वीकृति दी है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 28 मार्च को अपने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी थी। गडकरी ने लिखा था, राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-70 और राष्ट्रीय राजमार्ग-11 (कुल लंबाई 134.86 किलोमीटर) के मौजूदा कनेक्शन को मजबूत/चौड़ा करने के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के म्याजलार-जैसलमेर खंड और मुनाबाव-तनोट के सुंदरा-म्याजलर-अंबासिंह की ढाणी रोड भाग से पक्की सड़क के साथ 2-लेन का मजबूत और चौड़ीकरण करने के लिए 1237.71 करोड़ रुपए की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा, प्रस्तावित संरेखण राष्ट्रीय राजमार्ग-25 और राष्ट्रीय राजमार्ग-68 के साथ संपर्क स्थापित करेगा, और राष्ट्रीय राजमार्ग-70 से भी जुड़ेगा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा दिवस पर दी बधाई, कहा- उत्कल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मंगलवार को ओडिशा स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के लोगों को बधाई दी और कहा कि भारत को अपने इतिहास, साहित्य और संगीत पर गर्व है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले एक साल में, केंद्र और ओडिशा सरकार राज्य की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रही हैं। लगभग 2000 साल पुरानी ऐतिहासिक और भव्य सांस्कृतिक विरासत अपने हृदय में समेटे ओडिशा, भारत में इतिहास से लेकर वर्तमान तक एक अहम स्थान रखता है। मानवता को प्रेम और शांति का शाश्वत संदेश देने वाली इस भूमि की अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य, वास्तुकला, हस्त कला तथा नृत्य कला पर देश को गर्व है। ओडिशा अपने दयालु एवं परिश्रमी लोगों के लिए भी जाना जाता है। 1 अप्रैल 1936 को भाषाई आधार पर 'उड़ीसा' का गठन किया गया था और 2011 में इसका नाम 'ओडिशा' कर दिया गया। भगवान जगन्नाथ, लिंगराज, कोणार्क और अन्य समृद्ध धरोहरों की भूमि ओडिशा ने दुनिया को शांति, प्रेम और हिंसा से दूर रहने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, उत्कल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। यह दिन ओडिशा की गौरवशाली संस्कृति के लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि है। भारत को ओडिशा के इतिहास, साहित्य और संगीत पर गर्व है। ओडिशा के लोग मेहनती हैं और उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।



पिछले एक साल में, केंद्र और ओडिशा सरकार राज्य की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रही हैं। उत्कल दिवस को ओडिशा स्थापना दिवस के रूप में भी जाना जाता है उत्कल दिवस, जिसे ओडिशा स्थापना दिवस के रूप में भी जाना जाता है, हर साल 1 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन राज्य के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और भाषाई महत्व का सम्मान करता है। यह राज्य की समृद्ध विरासत, कला, साहित्य और आध्यात्मिकता में इसके योगदान का भी जश्न मनाता है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उन महान लोगों को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने ओडिशा के गठन के लिए बलिदान दिया। सीएम माझी ने अपने एक्स हैंडल पर उड़िया में लिखा, ओडिशा दिवस के अवसर पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं। अलग ओडिशा राज्य के निर्माण के लिए अपार बलिदान देने वाले और हमारी भाषा, साहित्य और संस्कृति का गौरव बढ़ाने वाले महापुरुषों को विनम्र श्रद्धांजलि।

# अन्नामलाई छोड़ेंगे तमिलनाडु में पद? क्या भाजपा के पुराने यार ने बढ़ा दी दरार

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में एक साल का समय बाकी है। इससे पहले ही राज्य की राजनीति में बड़े बदलाव के आसार हैं। खबर है कि भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा प्रदेश प्रमुख के अन्नामलाई अध्यक्ष पद छोड़ सकते हैं। हालांकि, कहा जा रहा है कि उन्हें पद से हटाए जाने का फैसला जातिगत समीकरणों के चलते लिया जा सकता है। ये संभावनाएं ऐसे समय पर सामने आ रही हैं, जब हाल ही में भाजपा के पुराने साथी एआईएडीएमकेके नेताओं और अन्नामलाई दोनों ने ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की थी। रिपोर्ट के अनुसार, अन्नामलाई तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष पद छोड़ सकते हैं। कभी तमिलनाडु में साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाली भाजपा और एआईएडीएमके साल 2023 में अलग हो गए थे। तब अन्नामलाई को इसकी बड़ी वजह माना जा रहा था। अखबार से बातचीत में भाजपा सूत्रों का कहना है कि यह फैसला अन्नामलाई के लिए सजा नहीं, बल्कि जातिगत समीकरणों के चलते लिया जा सकता है। दिल्ली में शाह संग हुई एआईएडीएमके नेताओं की बैठक के बाद से ही आगामी विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन की अटकलें तेज हो गई थीं। अब रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भाजपा के इस फैसले



को लेकर अन्नामलाई को शाह के साथ हुई बैठक के दौरान सूचित कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि दक्षिण भारतीय राज्य में भाजपा को चर्चा में लाने वाले अन्नामलाई से कहा गया है, दिल्ली को उनके लिए उज्जवल भविष्य नजर आ रहा है।

अखबार के अनुसार, यह माना जा रहा है कि अन्नामलाई ने पार्टी के साथ पूरी वफादारी की बात कही है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने एक्सप्रेस को बताया, उन्होंने बता दिया है कि पार्टी के प्रति प्रतिबद्धता को लेकर उनके मन में दूसरे कोई विचार नहीं हैं और वह एक कैडर के तौर पर भी काम करने के लिए तैयार हैं। एक अन्य नेता ने कहा, अन्नामलाई प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहें या न रहें, लेकिन वह तमिलनाडु में भाजपा के अहम चेहरे रहेंगे। फिलहाल, यह देखा जाना बाकी है कि वह अपने लिए राष्ट्रीय भूमिका चुनते हैं या राज्य में ही उन्हें दूसरी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। कौन ले सकता है जगह रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों का कहना है कि तमिलनाडु में बीजेपी चीफ के पद पर अन्नामलाई की जगह विधायक नैनर नागेंद्रन को दी जा सकती है। हालांकि, इसे लेकर भाजपा की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। पहले एआईएडीएमकेमें रहे नागेंद्रन तिरुनेलवेली से आते हैं और वह प्रभावी थेवर समुदाय से हैं।




# अश्विनी आईपीएल डेब्यू में चमके, पहली ही गेंद पर विकेट

## नमन का डाइविंग कैच, बोल्ट की यॉर्कर पर नरेन बोल्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 में पहली जीत दर्ज करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को 8 विकेट से हरा दिया। सोमवार को डेब्यूटेंट अश्विनी कुमार के 4 विकेट की बदौलत केकेआर की पारी 116 रन पर सिमट गई।

जवाब में रायन रिकेल्टन की शानदार फिफ्टी से एमआई ने 2 विकेट खोकर 121 रन बनाए और 43 बॉल रहते जीत हासिल कर ली। वानखेड़े स्टेडियम में कई मोमेंट्स और रिकॉर्ड्स देखने को मिले। अश्विनी एमआई डेब्यू मैच में 4 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने। ट्रेंट बोल्ट की यॉर्कर पर सुनील नरेन बोल्ड हो गए। वेंकटेश को 2 ओवर में दो जीवनदान मिला। नमन धीर ने हर्षित राणा का डाइविंग कैच पकड़ा। कोलकाता ने पहले ही ओवर में विकेट गंवाया। ट्रेंट बोल्ट ने सुनील नरेन को ओवर की चौथी बॉल पर बोल्ड कर दिया। उन्होंने यॉर्कर बॉल फेंकी लेकिन समय से नरेन का बैट नीचे नहीं आ सका और वे बोल्ड हो गए। डेब्यू मैच खेल रहे अश्विनी कुमार ने अपनी पहली बॉल पर विकेट लिया। उन्होंने तीसरे ओवर की पहली बॉल पर कप्तान अजिंक्य रहाणे (11 रन) को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। तिलक ने दूसरे प्रयास में डाइव लगाकर कैच पकड़ा।

# भारत के लिए सबसे मैच खेलने वाली हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने लिया संन्यास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली महिला हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने मंगलवार को अपने शानदार 15 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया।

उन्होंने कहा कि अपने चरम पर लिया गया यह फैसला उनके लिए कड़वा-मीठा और सशक्त बनाने वाला दोनों था। 32 वर्षीय अनुभवी स्ट्राइकर ने 320 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 158 गोल किए। वह 2020 टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं। वंदना ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, आज भारी लेकिन आभारी दिल के साथ मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से अपने संन्यास की घोषणा करती हूं। यह एक ऐसा फैसला है जो मेरे लिए कड़वा-मीठा और सशक्त बनाने वाला है।

मैं इसलिए पीछे नहीं हट रही हूं क्योंकि मेरे अंदर की आग फीकी पड़ गई है या मेरी हॉकी की ताकत खत्म हो गई है, बल्कि इसलिए क्योंकि मैं अपने चरम पर पहुंचकर खेल से विदा लेना चाहती हूं, जबकि मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हूं। वंदना ने लिखा, मैं थकान की वजह से हॉकी को अलविदा नहीं कह रही हूं, बल्कि मेरे पास अंतरराष्ट्रीय मंच को अपनी शर्तों पर छोड़ने का विकल्प था। मेरा सिर गर्व से ऊंचा है और मेरी स्टिक की आग अभी भी धधक रही है। भीड़ का उत्साह बढ़ाना, हर गोल का रोमांच और भारत की जर्सी पहनने का गर्व हमेशा मेरी आत्मा में गूंजता रहेगा।

# रोहित का सपना वनडे विश्व कप जीतना, वह इंग्लैंड जाकर भी खेले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा के लिए आगामी टेस्ट दौरा खेलना मुश्किल लग रहा है। माना जा रहा है कि वह इंग्लैंड दौरे पर खुद ही नहीं जाएंगे। इंग्लैंड दौरे पर भारत ने 20 जून से 4 अगस्त तक 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने है। इसी बीच रोहित के बचपन के कोच दिनेश लाड का कहना है कि रोहित को पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्हें इंग्लैंड जाकर कप्तानी करनी चाहिए। उन्होंने पिछले दौरे पर वहां शतक बनाया था। वहां की परिस्थितियां उन्हें रास आएंगी। दिनेश लाड ने इसी दौरान रोहित के सफर और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बात की।




कोच ने कहा कि रोहित 12 साल की उम्र में उनके पास एक गेंदबाज के रूप में आए थे, लेकिन उन्हें बल्लेबाज बनाना और अब भारत को टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जिताते देखना बेहद सुखद अनुभव रहा है। कोच ने रोहित के सबसे बड़े सपने का जिक्र करते हुए कहा कि उनका अंतिम सपना वनडे विश्व कप उठाना है, जो 2023 में हम चूक गए। मेरा मानना है कि उन्हें अगले वनडे विश्व कप तक खेलना चाहिए और इसे जीतकर अपना और देश का सपना पूरा करना चाहिए।

रोहित की तकनीक और अनुभव की तारीफ करते हुए कोच ने कहा कि रोहित एक अलग तरह का खिलाड़ी है। वह तकनीकी रूप से मजबूत है और उसके पास अनुभव का खजाना है। पिछली इंग्लैंड यात्रा में उन्होंने शतक जड़ा था। मेरी राय में, उसे इंग्लैंड जाना चाहिए, अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए और टीम का नेतृत्व अच्छे से करना चाहिए। बता दें कि 2024 में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज की मेजबानी की थी। भारत ने 5 मैचों की सीरीज 4-1 से जीती थी।

**3 क्रिकेटरों को किया गया बाहर**

# आईपीएल 2025 के बीच नए सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के ज्यादातर क्रिकेटर इन दिनों आईपीएल 2025 में खेल रहे हैं. लेकिन उधर उनके देश की क्रिकेट बोर्ड ने नए सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट का ऐलान कर दिया है. नए सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में 23 खिलाड़ियों को जगह मिली है. खास बात ये है कि इस बार 3 नए खिलाड़ियों को भी सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट दिया गया है. वहीं, 3 खिलाड़ी ऐसे भी रहे हैं, जिनमें से दो तो चैंपियंस ट्रॉफी खेलने वाली टीम का भी हिस्सा थे, उन्हें नए करार से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है. जिन 3 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट पहली बार मिला है, उनमें सैम कॉन्स्टस, मैट कुन्हेमन और ब्यू वेब्स्टर का नाम है. वहीं 23 खिलाड़ियों की नई लिस्ट से जो 3 खिलाड़ी बाहर हैं, उनमें टॉड मर्फी, शॉन एबट और आरोन हार्डी का नाम है. इनमें से आरोन हार्डी और शॉन एबट चैंपियंस ट्रॉफी खेलने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का भी हिस्सा थे. हालांकि, उन्हें वहां एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था. जबकि टॉड मर्फी की बात करें तो वो श्रीलंका के पिछले दौरे पर खेली टेस्ट सीरीज में तीसरे स्पिनर की हैसियत से ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे. मगर 2025-26 में ऑस्ट्रेलिया को एशिया का दौरा नहीं करना है. सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट पाने वाले 3 नए खिलाड़ियों में सैम कॉन्स्टस की बात करें तो वो फिलहाल टेस्ट फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया का हिस्सा हैं. उन्होंने भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मेलबर्न और सिडनी में 2 टेस्ट खेले थे. वहीं मैट कुन्हेमन को श्रीलंका दौरे पर मिली सफलता का फायदा मिला है.




इन खिलाड़ियों का सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट बरकरार

इंजरी से जूझते रहने के बावजूद लांस मॉरिस और झाई रिचर्ड्सन का सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट बरकरार रहा है. रिचर्ड्सन का फिलहाल रिहैब चल रहा है. उनके कंधे की तीसरी सर्जरी हुई है. जेवियर बार्टलेट को चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में जगह नहीं मिली थी. मगर वो सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब रहे हैं.

**2025-26 सीजन में ऑस्ट्रेलिया का प्लान:** 2025-26 सीजन में ऑस्ट्रेलिया 19 बाइलेटरल टी20 मुकाबले खेलने वाला है. इसके अलावा उसे अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में शिरकत करना है. टी20 सीरीज के अलावा 2025-26 सीजन में वो 9 वनडे मुकाबले और 7 टेस्ट मैच खेलेगा. ये मुकाबला ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के पास अपने कॉन्ट्रेक्ट को अपग्रेड करने का सुनहरा अवसर होगा.

### ऑस्ट्रेलिया के वो खिलाड़ी, जिन्हें मिला सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट

स्कॉट बोलैंड, जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस, नाथन एलिस , कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड. ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, जोश इंग्लिस, सैम कॉन्स्टस, मैट कुन्हेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मॉरिस, झाई रिचर्डसन, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेब्स्टर, एडम जैम्पा.



**बिना संन्यास लिए**

# सिडनी सिक्सर्स का हिस्सा बने विराट कोहली ?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिग बैश लीग की टीम सिडनी सिक्सर्स ने मंगलवार सुबह को एक पोस्ट किया जिससे सोशल मीडिया तहलका मच गया। सिडनी सिक्सर्स ने इंस्टाग्राम पर भारत के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली की तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर के साथ उन्होंने जो दावा किया उसने सभी को हैरान कर दिया। बाद में इस दावे का सच भी सामने आया।

### सिडनी सिक्सर्स ने शेयर किया पोस्ट

सिडनी सिक्सर्स ने जो तस्वीर शेयर की है उसमें कोहली भारतीय जर्सी में नजर आ रहे हैं। उन्होंने तस्वीर पर लिखा, 'स्वागत विराट कोहली।' उन्होंने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'किंग कोहली, विराट कोहली अगले दो सालों के लिए आधिकारिक तौर पर सिक्सर हैं।' महज दो घंटे में यह पोस्ट वायरल हो गया। जिसपर कई कमेंट आए।

### बीसीसीआई का नियम नहीं देता इजाजत

लोग हैरान थे कि ऐसा कैसे संभव है। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार कोई भी खिलाड़ी तब तक किसी विदेशी लीग में नहीं खेल सकता जब तक वह संन्यास न ले लें। उन्हें संन्यास लेने के बाद बीसीसीआई से एनओसी लेना होता है। हालांकि विराट कोहली ने ऐसा कुछ नहीं किया है। उन्होंने टी20 फॉर्मेट से संन्यास तो लिया है लेकिन वह अब भी टेस्ट और वनडे टीम का हिस्सा हैं। ऐसे में नियमों के अनुसार उनका किसी विदेशी लीग में खेलना संभव नहीं है। एक्स पर उनके इस पोस्ट पर यूजर ने लिखा, 'सिडनी सिक्सर्स' कोहली कब जॉइन करने वाले हैं। इसका जवाब देते हुए सिडनी सिक्सर्स ने लिखा, 'एक अप्रैल 2025।' इसके बाद फैंस को पता लग गया कि यह एक अप्रैल फूल प्रैंक है। लोगों ने सिडनी सिक्सर्स की तारीफ की और कहा कि अप्रैल फूल का सही इस्तेमाल किया।

**फीडे महिला विश्व शतरंज चैंपियनशिपः**

# जू वेनजुन को टक्कर देंगी तान झोंगयी




**शंघाई , चीन, एजेंसी।** शतरंज की दुनिया में महिलाओं के सबसे प्रतिष्ठित खिताब महिला विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2025 का आयोजन इस बार चीन के दो प्रमुख शहरों - शंघाई और चोंगकिंग - में किया जाएगा। मौजूदा विश्व चैम्पियन जू वेनजुन और चीन की ही चैलेंजर तान झोंगयी के बीच यह बहुप्रतीक्षित मुक़ाबला 1 से 23 अप्रैल 2025 के बीच खेला जाएगा।

यह चैंपियनशिप 12 मुकाबलों की एक क्लासिकल सीरीज के रूप में होगी। जो खिलाड़ी पहले 6.5 अंक प्राप्त करेगा, उसे विजेता घोषित किया जाएगा। यदि स्कोर 6-6 पर बराबर रहता है, तो रैपिड और आवश्यकता पड़ने पर ब्लिट्ज टाईब्रेक के माध्यम से विजेता तय किया जाएगा। जू वेनजुन मौजूदा महिला विश्व शतरंज चैंपियन हैं। उन्होंने 2018 में पहली बार तान झोंगयी को हराकर विश्व खिताब जीता था।

इसके बाद उन्होंने 2018 में नॉकआउट टूर्नामेंट, 2020 में गोर्याचकिना, और 2023 में लेई टिंगजी के खिलाफ अपना खिताब सफलतापूर्वक बचाया। जू की ताकत केवल क्लासिकल में ही नहीं है - उन्होंने 2017 और 2018 में वुमेन्स वर्ल्ड रैपिड और 2024 में वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप भी जीती है।

वे चीन की स्वर्ण पदक विजेता ओलंपियाड टीम (2016, 2018) और विश्व टीम चैंपियनशिप (2009, 2011) का हिस्सा रही हैं। तान झोंगयी ने 2017 में अन्ना मुजिचुक को हराकर विश्व खिताब जीता था और उसके बाद से वह विश्व स्तर पर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं। हालांकि 2018 में वे जू वेनजुन से खिताब हार गईं, लेकिन उन्होंने 2022 में वर्ल्ड रैपिड और 2024 में केर्न्स कप जैसे प्रतिष्ठित खिताब जीते। 2024 महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में उनके दमदार प्रदर्शन ने उन्हें इस बार की चैलेंजर बनाया।

# वेस्टइंडीज क्रिकेट बड़े बदलाव की ओर, टेस्ट कप्तानी से हटे ब्रेथवेट, शाई होप को टी20 की कमान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई बड़े आईसीसी टूर्नामेंट्स से नदारद रहने के बाद वेस्टइंडीज क्रिकेट अब बड़े बदलाव की ओर अग्रसर है। इसी कड़ी में क्रेग ब्रेथवेट ने चार साल बाद वेस्टइंडीज टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ दी है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सोमवार को बताया कि शाइ होप को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया है। 32 वर्ष के ब्रेथवेट को मार्च 2021 में जेसन होल्डर की जगह कप्तान बनाया गया था। वहीं वनडे टीम के कप्तान होप को रोवमैन पॉवेल की जगह टी20 टीम की कप्तानी दी गई है। रोवमन पॉवेल मई 2023 से टी20 कप्तान थे।

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक बयान में कहा, ब्रेथवेट चाहते थे कि उनके खेल को अलविदा कहने से पहले टीम बदलाव के दौर से गुजर जाए। यही वजह है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले उन्होंने कप्तानी छोड़ दी ताकि नये कप्तान को खुद को स्थापित करने का समय मिल जाये। नए टेस्ट कप्तान का ऐलान जल्दी ही किया जाएगा। इस रेस में फिलहाल एलिक एथनाजे, मिकाइल लुईस, केसी कार्टी और जस्टिन ग्रीव्स जैसे खिलाड़ी हैं। इसके अलावा गुडाकेश मोती को भी हाल फिलहाल में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिल सकता है।

# राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबाल चैंपियनशिप में हिमाचल उपविजेता

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ी अपनी चुस्ती के चलते भारी पड़ीं। इस दौरान हिमाचल ने 10-8 से बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में उत्तर प्रदेश ने सधी हुई शुरुआत कर बढ़त बनाई। लखनऊ में हुई 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबाल चैंपियनशिप के फाइनल में हिमाचल प्रदेश की टीम यूपी से कड़े मुकाबले में 19-17 से हार गई।

उत्तर प्रदेश फाइनल जीत कर पहली बार चैंपियन बनी। पहले हाफ में दोनों ही टीमों ने तेज आक्रमण किए। हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ी अपनी चुस्ती के चलते भारी पड़ीं। इस दौरान हिमाचल ने 10-8 से बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में उत्तर प्रदेश ने सधी हुई शुरुआत कर बढ़त बनाई।



इस दौरान हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ियों ने कई महत्वपूर्ण मौके भी गंवाए। उत्तर प्रदेश की गोलकीपर निहारिका ने दमदार खेल दिखाते हुए कई अटैक को विफल कर दिया। यूपी की ओर से नैना ने सबसे अधिक 6 गोल दागे। रेशमा, सुमन, प्रीति और अनन्या ने इसमें बखूबी साथ दिया। 3-3 गोल करते हुए टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। वहीं, दीया को एक गोल करने में सफलता मिली।

हिमाचल प्रदेश की ओर से जस्सी ने 6, काजल ने 5, कृतिका ने 4 और नितिका और मुस्कान ने 1-1 गोल किए। उत्तर प्रदेश की टीम ने पिछले सीजन में कांस्य पदक जीता था। समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण अफ्रीका के मंदिरों में हनुमान चालीसा की 60,000 प्रतियां बांटीं

**जोहान्सबर्ग., एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीकी हिंदू संगठन 'एसए हिंदूज' ने देश के आठ मंदिरों में हनुमान चालीसा की 60,000 प्रतियां वितरित की हैं। संगठन के सदस्यों ने विभिन्न क्लबों के मोटरसाइकिल सवारों के नेतृत्व में अभियान चलाया और जरूरतमंदों के लिए लगभग दो टन किराने का सामान भी जुटाया। 'एसए हिंदूज' की संस्थापक पंडिता लूसी सिगबन ने कहा, हमें यह देखकर बहुत खुशी हुई कि बहुत सारे भक्त मंदिरों में आए और खासकर क्वाजुलू-नताल (केजेडएन) जैसे पास के प्रांतों के भी लोग इस पहल का बड़े ही उत्साह के साथ समर्थन कर रहे थे। दक्षिण अफ्रीका के हिंदुओं ने सबसे पहले 24 अगस्त 2024 को भक्ति के उत्सव के दौरान 'शेरेनो प्रिंटर्स' और 'इलेक्ट्रो ऑनलाइन मीडिया' के साथ साझेदारी में 10 लाख हनुमान चालीसा की प्रतियां वितरित करने की पहल की शुरुआत की। उनकी योजना 2029 तक 10 लाख प्रतियां वितरित करने की है।

### बांग्लादेश की छात्राओं को अमेरिकी सम्मान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन गत वर्ष बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन की अगुवाई करने वाली महिला छात्र नेताओं को उनके 'साहस, ताकत और नेतृत्व' के लिए सम्मानित करेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप मंगलवार को 'इंटरनेशनल विमेन ऑफ करेज' पुरस्कार समारोह की मेजबानी करेंगे। प्रतिष्ठित व्हार्टन स्कूल के उद्घाटन कार्यक्रम में भारतवंशी कार्यकारी अजय आनंद को नेतृत्व की भूमिका के लिए नामित किया गया है। वह एआई व एनालिटिक्स क्षेत्र में संकाय को सलाह, मार्गदर्शन देंगे। जॉनसन एंड जॉनसन में वैश्विक सेवाओं, रणनीति और व्यापार सेवाओं के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय आनंद को व्हार्टन स्कूल में उद्घाटन कार्यकारी के रूप में नामित किया गया है।

### अगले महीने पश्चिम एशियाई देशों का दौरा करेंगे ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले महीने पश्चिम एशियाई देशों कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब का दौरा करेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद सोमवार को ओवल ऑफिस में इसकी जानकारी मीडिया को दी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सऊदी अरब ने अमेरिकी कंपनियों में एक खरब डॉलर निवेश करने का वादा किया है, इसलिए ट्रंप ने अपने पहले विदेश दौरे के लिए सऊदी अरब को चुना है।

### हैती में गिरोह का जेल पर हमला, सैकड़ों कैदी फरार, दहशत में लोग

**मिरेबले, एजेंसी।** हैती के मिरेबले शहर में सोमवार को भारी हथियारों से लैस गिरोह ने हमला कर स्थानीय जेल पर कब्जा कर लिया। इस हमले में 530 से ज्यादा कैदी भाग निकले। गोलियों की गूंज के बीच सैकड़ों लोग अपने घर छोड़कर भागने को मजबूर हो गए। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, गिरोह के हमलावरों ने जलती हुई गाड़ियों और इमारतों के बीच जीत के नारे लगाए। मिरेबले के लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर बचाव की कोशिश की, लेकिन हमलावरों के आगे टिक नहीं सके। गिरोह के सदस्य लाल टी-शर्ट पहने थे, जिन पर 'तालिबान' और 'मावोजो' लिखा था। ये दोनों शक्तिशाली गिरोह हैं, जो राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस सहित कई इलाकों में हावी हैं। इनका मकसद सरकार गिराना और सत्ता पर कब्जा जमाना बताया जा रहा है। हैती में पहले से ही 85 फीसदी राजधानी पर गिरोह का कब्जा है। विशेषज्ञों का कहना है कि ये गिरोह अब अपने प्रभाव क्षेत्र को बढ़ाने और सरकार को पूरी तरह से अस्थिर करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

### वेनेजुएला को मिलेंगी पहली महिला पादरी, वेटिकन से मंजूरी

**कैरेकस, एजेंसी।** पोप फ्रांसिस ने सोमवार को वेनेजुएला की मरिया कार्मेन रेंदिलेस के कैनोनाइजेशन (पादरी बनाने की घोषणा) को मंजूरी दे दी, जिससे वह देश की पहली महिला पादरी बनेंगी। हालांकि, उनके पादरी बनने की आधिकारिक तारीख अभी तय नहीं हुई है। मरिया कार्मेन रेंदिलेस का जन्म 11 अगस्त 1903 को वेनेजुएला की राजधानी काराकास में हुआ था। उन्होंने अपने पिता की मृत्यु के बाद कम उम्र में ही परिवार की मदद शुरू कर दी थी। 1927 में उन्होंने एक फ्रांसीसी धार्मिक संघ में प्रवेश किया और बाद में 1961 में अपना खुद का धार्मिक संगठन स्थापित किया। उनका एक हाथ नहीं था, लेकिन इस शारीरिक कमजोरी के बावजूद उन्होंने ईसाई धर्म का अनुकरणीय जीवन जिया।

### अमेरिका ने 17 अपराधियों को एल सल्वाडोर किया निर्वासित

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को कहा कि उसने 17 और हिंसक अपराधियों को एल सल्वाडोर निर्वासित कर दिया है। ये सभी ट्रें डे अरागुआ और एमएस-13 गिरोह से जुड़े थे। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब अमेरिका के बाहर लोगों को भेजने की नीति को लेकर ट्रंप प्रशासन की आलोचना हो रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इन अपराधियों को रविवार रात निर्वासित किया गया और इनमें हत्यारे और दुष्कर्मी भी शामिल थे। हालांकि, मंत्रालय ने अपराधों या अपराधियों की राष्ट्रीयता की विस्तार से जानकारी नहीं दी। ट्रंप प्रशासन ने आरोप लगाया कि ये गिरोह अमेरिका में घुसकर अपराध कर रहे हैं।

# इमरान खान नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट

## मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के लिए किया गया नामांकन, 2023 से जेल में बंद हैं

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया गया है। राष्ट्रीय खजाने में गड़बड़ी करने के आरोप में इमरान खान 2023 से जेल में बंद हैं। नॉर्वे की राजनीतिक पार्टी पार्टियेट सेंट्रम से जुड़े पाकिस्तान वर्ल्ड अलायंस ने पाकिस्तान में मानवाधिकारों और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए इमरान खान के नामांकन की घोषणा की।

पार्टियेट सेंट्रम ने रविवार को एक्स पर पोस्ट किया- हमें पार्टियेट सेंट्रम की ओर से यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमने नामांकन का अधिकार रखने वाले किसी व्यक्ति के साथ मिलकर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है।

2019 में भी नॉमिनेट किया गया इमरान खान को 2019 नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया गया था। 2019 में भारत के साथ तनाव कम करने के लिए यह नॉमिनेशन किया गया था। उनके समर्थन में पाकिस्तान की संसद में एक प्रस्ताव पेश किया गया था, जिसमें कहा गया था कि बालाकोट हवाई हमले के बाद इमरान खान ने भारत के साथ तनाव कम करने की कोशिश की थी।

इस साल नोबेल पीस प्राइज के लिए 338 नॉमिनेशन 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए 338 नॉमिनेशन हैं। इनमें से 244 व्यक्ति और 94 संगठन हैं। पिछले साल इस पुरस्कार के 286 उम्मीदवार नामांकित थे। 2016 में सबसे अधिक 376 नॉमिनेशन हुए थे। 2025 के नोबेल



शांति पुरस्कार के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 31 जनवरी थी। नोबेल नामिनेट्स के नाम 50 साल तक उजागर नहीं किए जाते नोबेल प्राइज वेबसाइट के मुताबिक उनकी ओर से किसी भी फील्ड में नोबेल के लिए नॉमिनेट होने वाले लोगों के नाम अगले 50 साल तक उजागर नहीं किए जाते हैं। इमरान का नाम प्रस्ताव रखने वाली संस्था ने उजागर किया है। हर साल सितंबर में शुरू होती है नॉमिनेशन प्रक्रिया नोबेल पीस प्राइज के नामांकन प्रक्रिया हर साल सितंबर में शुरू होती है। पहले चरण में जनता से नामांकन मंगाए जाते हैं। जो नाम मिलते हैं उन पर एक्सपर्ट्स विचार करते हैं। नॉमिनेटेड लोगों की खासियतों और उनकी खोज पर चर्चा होती है। नामित व्यक्ति के बारे में संबंधित देश की सरकार, पूर्व नोबेल विजेताओं, प्रोफेसरों से राय मांगी जाती है। रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं इमरान खान इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। जनवरी 2025 में पाकिस्तान की एक कोर्ट ने इमरान खान को 14 साल की सजा सुनाई है। उन पर राष्ट्रीय खजाने को 50 अरब पाकिस्तानी रुपए का नुकसान पहुंचाने के आरोप है। इस मामले में इमरान को 9 मई 2023 को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद पूरे मुल्क में फौज के कई अहम ठिकानों पर हमले हुए थे।

## शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण रद्द किया गया छात्र का वीजा : आईसीई

**वाशिंगटन, एजेंसी।** आव्रजन और शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने सोमवार को कहा कि मिनेसोटा विश्वविद्यालय के एक छात्र का वीजा शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण रद्द किया गया था, न कि विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के कारण। गृह सुरक्षा विभाग ने बयान में कहा, यह छात्र प्रदर्शन से जुड़ा नहीं था, बल्कि उसे एक गलत तरीके से गाड़ी चलाने के अपराध के कारण गिरफ्तार किया गया था। इस मामले की जानकारी के बाद विश्वविद्यालय में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किए और विश्वविद्यालय व राजनेताओं ने चिंता जताई। मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टि नोएम से इस मुद्दे पर बात की थी और अब तक और जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, मिनेसोटा विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने भी कहा कि एक छात्र को आईसीई ने गिरफ्तार किया है, हालांकि विश्वविद्यालय ने छात्र का नाम या अन्य जानकारी साझा नहीं की है। सीनेटर टीना स्मिथ ने कहा, यह एक चिंताजनक पैटर्न बनता जा रहा है, जहां आईसीई छात्रों को बिना किसी स्पष्ट कारण के गिरफ्तार करता है और उनके कानूनी अधिकारों की अनदेखी करता है।

## लिथुआनिया, तीन अमेरिकी सैनिकों के शव मिले, एक अब भी लापता

**विलनियस, एजेंसी।** लिथुआनिया में लापता हुए अमेरिका के तीन सैनिकों के शव उनके सैन्य वाहन में मिला, जिसे सोमवार सुबह दलदल से बाहर निकाला गया। अमेरिकी सेना के यूरोप और अफ्रीका कमान के अनुसार, एक सैनिक अभी भी लापता है। सैनिकों के शवों की तलाश के लिए अमेरिकी, पोलिश और लिथुआनियाई सेनाओं और अधिकारियों ने दिन तक मशक्कत की। जिसके बाद वाहन को पाब्रेड के जनरल सिल्वेस्ट्रस जुकाउस्कास प्रशिक्षण क्षेत्र से निकाला गया। ये सैनिक एक प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान लापता हो गए थे। अमेरिकी सेना के मुताबिक, मृतकों की पहचान 3वीं इन्फेंट्री डिवीजन के फर्स्ट आर्मर्ड ब्रिगेड कॉम्बैट टीम के सैनिकों के रूप में की गई है, लेकिन परिवारों को सूचित किए बिना उनकी पहचान जारी नहीं की गई है।

## बोल्सोनारो के कार्यकाल में पेराग्वे सरकार की जासूसी की गई, ब्राजील की सरकार ने स्वीकारी गलती

**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी।** ब्राजील की सरकार ने सोमवार को एक बयान जारी कर माना कि पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो के कार्यकाल में पेराग्वे की सरकार की जासूसी की गई। बयान में ये भी कहा गया कि मौजूदा राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा के सत्ता संभालने के कुछ समय बाद ही इसे रोक दिया गया था। दरअसल एक न्यूज वेबसाइट ने कथित तौर पर दावा किया कि ब्राजील की लूला दा सिल्वा सरकार पेराग्वे की जासूसी करा रही है। इसके बाद ही ब्राजील की सरकार ने बयान जारी कर सफाई दी है।



**ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर दी सफाई :** ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि राष्ट्रपति लूला का प्रशासन पेराग्वे की जासूसी के आरोपों से साफ इनकार करता है। पेराग्वे, ब्राजील के साथ मरकोसर व्यापार समूह का हिस्सा हैं और ऐतिहासिक तौर पर दोनों देशों के करीबी संबंध रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जासूसी पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो के कार्यकाल में कराई जा रही थी और जैसे ही राष्ट्रपति लूला को इसके बारे में जानकारी हुई, तो उन्होंने सत्ता संभालने के तीन महीने के भीतर ही इसे बंद करा दिया था।

**पेराग्वे की सरकार ने आरोपों पर कही ये बात :** वहीं ब्राजील सरकार के बयान पर पेराग्वे के विदेश मंत्री ने कहा कि ब्राजील द्वारा हमारे सिस्टम में घुसपैठ के कोई सबूत नहीं हैं। इस मामले पर पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो ने भी अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्राजील की खुफिया एजेंसी ने पेराग्वे के कंप्यूटर सिस्टम में सेंधमारी कर इताइपु हाइड्रोलिक बांध को लेकर टैरिफ बातचीत संबंधी जानकारी जुटाई थी। यह दुनिया के सबसे बड़े बांधों में से एक है। इताइपु बांध से की क्षमता 14 हजार मेगावाट बिजली बनाने की है और इस बांध से बनने वाली अधिकतर बिजली पेराग्वे की सरकार से ब्राजील ही खरीदता है। हाल के वर्षों में इसे लेकर ब्राजील और पेराग्वे में तनाव बढ़ा है।

## दक्षिण कोरिया में फिर बवाल, यौन उत्पीड़न के आरोपी पूर्व सांसद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया में एक के बाद एक बवाल से हाहाकार मचा हुआ है। अब यहां यौन उत्पीड़न के आरोपी पूर्व सांसद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि दक्षिण कोरिया के एक पूर्व सांसद सियोल में मृत पाए गए हैं। उन पर 2015 में एक महिला का यौन उत्पीड़न करने का आरोप था। सियोल मेट्रोपॉलिटन पुलिस एजेंसी ने कहा कि चांग जे-वोन सोमवार रात राजधानी के पूर्वी हिस्से में एक स्टूडियो में मृत पाए गए। पुलिस को घटनास्थल पर एक नोट मिला। पुलिस ने उनकी मौत की जांच का हवाला देते हुए आगे कोई जानकारी नहीं दी। 2015 में महिला का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा चांग ने लंबे समय तक सियासत में अपनी जड़ें जमाकर रखीं। उन्होंने एक रूढ़िवादी सांसद के रूप में तीन कार्यकाल पूरे किए। वे महाभियोग लगाए गए राष्ट्रपति युन सुक येओल के प्रमुख सहयोगी थे। उन पर नवंबर 2015 में एक होटल में महिला का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया था। तब वे बुसान में एक विश्वविद्यालय में उपाध्यक्ष थे। चांग ने पिछले महीने एक फेसबुक पोस्ट में आरोपों से इनकार किया था। उन्होंने इसे एकतरफा दावे करार दिया था। उन्होंने अपने सम्मान की रक्षा के लिए कानूनी कार्रवाई करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

# सुनीता विलियम्स ने पहली बार बताया- अंतरिक्ष से भारत का नजारा अद्भुत और कभी ना भूलने वाला

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारतीय मूल और नासा की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में नौ महीने बिताकर 18 मार्च को धरती पर वापस लौट आईं. वापस लौटने के बाद उन्होंने पहली बार मीडिया को इंटरव्यू दिया. उन्होंने इंटरव्यू के दौरान अंतरिक्ष में बिताए गए दिनों और एक्सपीरियंस को शेयर किया. सुनीता विलियम्स ने कहा कि अंतरिक्ष से भारत बहुत अद्भुत दिखता है. उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वे बहुत जल्द अपने पिता के गृह देश का दौरा करेंगी और यहां के लोगों के साथ अंतरिक्ष के अनुभव शेयर करेंगी.

**भारत को लेकर दिया बयान :** 59 वर्षीय नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर ने स्पेसएक्स क्रू-9 मिशन के तहत पृथ्वी पर लौटने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है. सुनीता ने कहा कि भारत बेहद अद्भुत है. हर बार जब हम हिमालय पर गए तो बुच ने हिमालय की कुछ अविश्वसनीय तस्वीरें लीं. वहां का दृश्य बहुत शानदार है. सुनीता ने कहा कि हम बहुत उत्साहित हैं. भारत महान और अद्भुत लोकतंत्र वाला देश है, जो स्पेस में अपनी जगह बनाना चाह रहा है. हम इसका हिस्सा बनकर भारत की मदद करना चाहेंगे. इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि हमको ऐसा लगता था कि जैसे लहरें उठ रही हों और भारत में बह रही हों. भारत के विभिन्न रंग हैं. उन्होंने कहा कि मुझे लगता है, जब आप पूर्व की तरफ जाते हैं तो वहां के समुद्र के तटों पर



मछली पकड़ने वाली नावों का बेड़ा आपको इशारा करता है कि हम गुजरात और मुंबई की तरफ आ गए हैं. सुनीता ने कहा कि रात के साथ-साथ दिन में भी हिमालय को देखना अविस्मरणीय है. भारत देश के बड़े से लेकर छोटे शहरों तक बिजलियों का जो मनमोहक दृश्य है वह कभी भी भूलने वाला नहीं है. सुनीता ने कहा कि मुझे उम्मीद है, और यकीन है, कि मैं अपने पिता के देश वापस जाऊंगी और लोगों से मिलूंगी. बता दें, सुनीता के पिता दीपक पंड्या गुजरात के रहने वाले थे और 1958 में अमेरिका आये थे, जहां उन्होंने क्लीवलैंड, ओहियो में मेडिसिन में इंटर्नशिप और रेजीडेंसी प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

**वेस्ट बैंक के किशोर की हिरासत में मौत, इस्राइल की जेल में जान गंवाने वाला पहला फलस्तीनी : तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल की जेल में बंद वेस्ट बैंक के एक 17 वर्षीय किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। यह किशोर बीते छह महीने से बिना किसी आरोप के जेल में बंद था। हिरासत में रहने के दौरान ही अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और वह बेहोश हो गया। बाद में उसकी मौत हो गई। इसके साथ ही इस्राइल की हिरासत में जान गंवाने वाला यह पहला फलस्तीनी कैदी बन गया है। मृतक किशोर की पहचान वालिद अहमद के रूप में हुई है, जो हाईस्कूल का छात्र था। वालिद अहमद के परिजनों का आरोप है कि उसे बीते साल सितंबर में कथित तौर पर इस्राइली सैनिकों पर पथराव के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वहीं वालिद अहमद के मामले में इस्राइल की सरकार ने उसकी मौत की वजह का अभी तक खुलासा नहीं किया है। मानवाधिकार संगठनों का आरोप है कि इस्राइल की जेलों में 7 अक्तूबर 2023 के हमले के बाद से हजारों फलस्तीनी कैद हैं और वहां उनका उत्पीड़न किया जाता है। हालांकि इस्राइली सरकार इन आरोपों को सिरे से खारिज कर चुकी है।

## मलेशिया में गैस पाइप फटने से बड़ा हादसा, भीषण आग के बाद हाहाकार, मीलों दूर से दिख रही लपटें

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** मलेशिया में मंगलवार को भीषण हादसा हुआ। यहां कुआलालंपुर के बाहर मलेशियाई उपनगर में भीषण आग लग गई। प्राथमिक तौर पर इसकी वजह गैस पाइपलाइन का फटना बताया जा रहा है। इसके बाद भारी अफरातफरी मची और आस-पास के इलाकों के घरों को खाली कराना पड़ा।

सेलंगोर राज्य के मध्य में पुत्रा हाइट्स में एक गैस स्टेशन के पास लगी आग कई किलोमीटर (मील) तक दिखाई दे रही थी। सेलंगोर के दर्जनों अग्निशामकों को घटनास्थल पर भेजा गया है। विभाग के निदेशक वान मोहम्मद रजाली वान इस्माइल के हवाले से समाचार एजेंसी ने बताया कि मौके पर मौजूद अग्निशामकों ने आग लगने का कारण पाइपलाइन फटना बताया है।

आग के गुबार और धुएं के अंबार की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसमें कुछ लोगों को कहते हुए सुना जा सकता है। उन्होंने बताया कि उन्हें अपने घरों के दरवाजे और खिड़कियां हिलती हुई महसूस हुईं। ऐसा माना जा रहा है कि यह आग किसी विस्फोट के कारण लगी



है। हालांकि, तत्काल कोई पुष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। राष्ट्रीय तेल कंपनी पेट्रोनास ने एक बयान में कहा कि सुबह 8=10 बजे उसकी एक गैस पाइपलाइन में विस्फोट के बाद आग लग गई। प्रभावित पाइपलाइन को अलग कर दिया गया है। आग वाली जगह के पास के तीन गैस स्टेशन प्रभावित नहीं हुए, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। जांच अभी भी जारी है। सेलंगोर आपदा प्रबंधन इकाई ने एक बयान में बताया कि आग पास के एक गांव के कई घरों में फैल गई। यहां फंसे हुए लोगों को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कई लोगों के झुलसने की भी खबर हैं। उन्हें इलाज के लिए ले जाया जा रहा है। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सेलंगोर के मुख्यमंत्री अमीरुद्दीन शारी ने कहा कि अग्निशमन विभाग ने सुरक्षा उपाय के तौर पर आस-पास के घरों से लोगों को तुरंत बाहर निकाल लिया है। स्थिति के नियंत्रण में आने तक उन्हें अस्थायी रूप से पास की एक मस्जिद में रखा जाएगा।

## फ्रांस : मरीन ले पेन गबन मामले में दोषी करार, खतरे में राजनीतिक भविष्य

**पेरिस , एजेंसी।** पेरिस की एक अदालत ने सोमवार को यूरोपीय संघ के धन के गबन के आरोप में दक्षिणपंथी नेता मरीन ले पेन को दोषी ठहराया। अभी सजा की घोषणा नहीं की गई है। दोषसिद्धि से 2027 के फ्रांसीसी राष्ट्रपति चुनाव में उनकी संभावित उम्मीदवारी पर संदेह पैदा हो गया। ले पेन और उनके सहयोगियों पर आरोप था कि उन्होंने 2004 से 2016 के बीच संसदीय सहायकों के लिए निर्धारित यूरोपीय संसद के धन का पार्टी कर्मचारियों के भुगतान के लिए इस्तेमाल किया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक आधिकारिक संसदीय कार्य के लिए निर्धारित धनराशि का उपयोग फ्रांस स्थित नेशनल रैली पार्टी के कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए किया गया, जो यूरोपीय संघ के नियमों का उल्लंघन था। रिपोर्टों के अनुसार, अभियोजकों ने 3,00,000 यूरो (2,77,60,800.00 रुपये) जुर्माने के साथ पांच साल की निलंबित जेल की सजा की सिफारिश की। अभियोजकों ने सार्वजनिक पद पर तत्काल पांच वर्ष का प्रतिबंध लगाने की भी मांग की। अदालत यदि इसे स्वीकार करती है तो ली पेन, जो तीन वर्षों से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैं, अगला राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ पाएंगी। प्रस्तावित प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू होगा, भले ही ले पेन अपील करने का विकल्प चुनें, जिससे राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। उन्हें वर्तमान में राष्ट्रपति पद के लिए एक



मजबूत दावेदार माना जाता है। नेशनल रैली पार्टी की प्रमुख ले पेन ने आरोपों को खारिज करते हुए जोर देकर कहा कि मामला राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने इसे अपनी चुनावी संभावनाओं को कमजोर करने का प्रयास बताया। , ले पेन ने फैसले से पहले चेतावनी दी थी कि दोषी पाए जाने पर फैसला उनकी राजनीतिक मौत का संकेत हो सकता है। फैसले के संभावित प्रभाव पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, 11 मिलियन लोगों ने इस आंदोलन के लिए वोट दिया है जिसका मैं प्रतिनिधित्व करती हूं और ऐसा कोई भी फैसला कई फ्रांसीसी लोगों को चुनाव में अपने उम्मीदवार से वंचित कर सकता है। 2017 और 2022 दोनों चुनावों में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बाद दूसरे स्थान पर रहने के बाद, ले पेन की पार्टी के समर्थन में लगातार वृद्धि देखने को मिली है। उन्हें अगर चुनाव लड़ने से रोक दिया जाता है, तो उनके शिष्य, 29 वर्षीय जॉर्डन बार्डेला, पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में सामने आ सकते हैं।

# म्यांमार भूकंप- मरने वालों का आंकड़ा 2 हजार के पार, 270 लोग अभी भी लापता

**नेपीदा, एजेंसी।** म्यांमार में आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,056 हो गई है। सैन्य सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक घायलों की संख्या 3900 से ज्यादा हो गई है। वहीं, 270 लोग अभी भी लापता हैं। आपदा के बाद सोमवार को 7 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। सैन्य सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए 6 अप्रैल तक देशभर में राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे। म्यांमार और थाईलैंड में 28 मार्च को 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था। यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप था। यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे ने यह आशंका जताई है कि मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है।

**लोगों ने सड़कों पर रात गुजारी :** म्यांमार में सबसे ज्यादा भूकंप प्रभावित इलाका मांडले है। यह देश का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, जहां 17 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादातर लोगों ने लगातार तीसरी रात घर सड़कों पर रात गुजारी, क्योंकि ज्यादातर लोगों के घर टूट चुके हैं। लोग भूकंप के बाद आ रहे आफ्टर शॉक्स से घबराए हुए हैं।

चीनी मीडिया और पेरिस विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भूकंप में मारे गए लोगों में 3 चीनी और 2 फ्रांसीसी नागरिक भी शामिल हैं। अभी भी म्यांमार के ज्यादातर हिस्से में कम्युनिकेशन ठप रहने की वजह से नुकसान



की पूरी जानकारी सामने नहीं आई है। भारत ने 5 खेप में भेजी राहत सामग्री विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएससतपुड़ा और आईएनएस सावित्री ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत 30 टन रिलीफ सामग्री म्यांमार के यांगून बंदरगाह भेजे गए। इसके अलावा 118 सदस्यीय फील्ड हॉस्पिटल यूनिट आगरा से म्यांमार के मांडले शहर पहुंची। इससे पहले ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत ही भारत ने 5 खेप में मदद के लिए 85 टन से ज्यादा राहत सामग्री में टेंट, स्लीपिंग बैग, कंबल, खाने के लिए तैयार भोजन, वाटर प्यूरीफायर, सोलर लैंप, जनरेटर सेट और आवश्यक दवाएं भेजीं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, बुधवार 02 अप्रैल 2025




माह के प्रथम कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट रीवा में वंदे मातरम गान का गायन हुआ। कलेक्ट्रेट के अधिकारियों कर्मचारियों ने वंदे मातरम गान के उपरांत माह के प्रथम कार्य दिवस की शुरूआत की।



## कलेक्टर ने 67 आवेदकों की शिकायतें सुनीं

### कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का हुआ आयोजन

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनसुनवाई में 67 आवेदकों की शिकायतें सुनीं। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में राजस्व, पेंशन, ग्रामीण विकास, खाद्य, पीएचई आदि विभागों से संबंधित शिकायतों को कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम टंगहा भोथी (त्योंथर) के निवासियों ने आवाद व्यक्तियों को आवासीय पट्टा दिलाये जाने का आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम त्योंथर को मौके पर परीक्षण कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। पलिया मनगवां के नावालिग ओम पाण्डेय संरक्षक महेश प्रसाद पाण्डेय के नावालिक के सम्पत्ति का वारसाना किये जाने के अपर आयुक्त के आदेश का पटवारी द्वारा पालन नहीं किये जाने के



आवेदन पर कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर को परीक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि पटवारी हल्का चोरगड़ी द्वारा हीलाहवाली किया जाना पाया जाय जो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने मुक्द्दर बेग घोघर निवासी के मकान से अवैध कब्जा हटाने, रामबहोर पटेल मटीमा सिरमौर को शासकीय हैण्डपंप को अतिक्रमण से मुक्त कराने, तीरथ प्रसाद चर्मकार कल्याणपुर के सार्वजनिक कूप को निजी उपयोग से मुक्त कराने तथा जगन्नाथ साकेत उमरी निवासी के खसरा सुधार के आवेदन पर कार्यवाही न होने पर संबंधित एसडीएम को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने महेबा निवासी लाल बहादुर कुशवाहा के आराजी खसरा परिवर्तन करने, जवा के रामराज मल्लाह के अतिक्रमण हटाने तथा महुली निवासी कमला पाण्डेय के पति की मृत्यु के उपरांत गलत वारसाना किये जाने के आवेदनों को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया। उन्होंने संतोष कोरी दुआरी के आवासीय पट्टा दिये जाने के आवेदन को एसएलआर, बरा निवासी राजवर्धन सिंह के अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर तथा तेदुन निवासी धर्मेन्द्र गुप्ता के जमीन से अतिक्रमण हटाने के आवेदन को तहसीलदार सिरमौर को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने रीवा नगर के मुख्य नगर वासियों के आवासीय क्षेत्र से अवैध मोबाइल टावर हटाने के आवेदन को परीक्षण हेतु एसडीएम हुजूर को प्रेषित किया गया। इसी प्रकार बुद्धसेन प्रजापति रायपुर कर्चुलियान के पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के आवेदन पर सीईओ रायपुपर कर्चुलियान को, धर्मेन्द्र शर्मा द्वारा अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के आवेदन को सिंचाई विभाग को तथा बहुरीबांध निवासियों के शासकीय हैण्डपंप को अतिक्रमण से मुक्त कराने के आवेदन को पीएचई कार्यपालन यंत्री को समाधान कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर द्वारा प्रेषित किया गया। सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय एवं श्रयेस गोखले ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं।

## कलेक्टर ने प्राचार्य शिक्षा महाविद्यालय को दिया नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरण में लापरवाही बरतने पर प्राचार्य शासकीय शिक्षा महाविद्यालय रीवा को कारण बताओ नोटिस दिया है। महाविद्यालय के विद्यार्थी सुमन प्रजापति के आवास सहायता के आवेदन पत्र का प्राचार्य द्वारा सत्यापन नहीं किया गया है। सत्यापन न होने के कारण आवास सहायता का भुगतान नहीं हो पा रहा है। यह प्रकरण सीएम हेल्पलाइन में भी दर्ज है। कलेक्टर ने आवास सहायता योजना के प्रकरण में लापरवाही बरतने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत प्राचार्य शिक्षा महाविद्यालय को नोटिस दिया है। नोटिस का तीन दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा अल्पसंख्यक मछुआ सहकारी समिति मर्यादित गोविन्दगढ़ रीवा के संचालक मंडल के सदस्यों व अन्य पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु उप अंकेक्षक बी.एल. कनौजी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## प्रदेश की मूल गौवंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों को मिलेगा पुरस्कार

**रीवा।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रदेश की मूल गोवंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ राजेश मिश्रा ने बताया कि जिन पशुपालकों के पास भारतीय नस्ल की गिरि, साहीवाल, थारपारकर एवं हरियाणा आदि नस्ल की गाय हों तथा उनका दुग्ध उत्पादन प्रति दिवस 6 लीटर से अधिक हो वह अपने पशु का पंजीयन दो अप्रैल से चार अप्रैल तक विकासखण्ड स्तर अथवा निकटतम पशु चिकित्सालय में करा सकते हैं। अधिकतम दुग्ध उत्पादन वाले प्रथम 10 गौवंशों का सुबह-शाम एवं दूसरे दिन कुल तीन समय दुग्ध क्षमता का आकलन विभाग के अधिकारियों द्वारा पशु मालिक के घर जाकर सूचीबद्ध किया जाएगा। इस प्रकार जिले के प्रत्येक विकासखण्ड से प्राप्त सूची में से अधिकतम दूध उत्पादन वाले प्रथम तीन गौवंश के पशुपालकों के नाम राज्य स्तर पर प्रेषित किए जाएंगे। राज्य स्तर पर 13 अप्रैल को विभागीय मंत्री द्वारा अधिकतम दुग्ध उत्पादन वाले तीन पशुपालकों को पुरस्कृत किया जाएगा। उप संचालक ने जिले के पशुपालकों से निर्धारित समयावधि में मापदण्ड वाले गौवंशीय पशुओं का पंजीयन कराने की अपेक्षा की है।

## कलेक्टर 3 अप्रैल को करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल टीएल बैठक में 3 अप्रैल को समय सीमा के पत्रों की समीक्षा के साथ ही सीएम हेल्पलाइन की विभागवार अद्यतन स्थिति की समीक्षा करेंगी। कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित बैठक में विभागीय अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

## जनपद पंचायत के सहयोग से युवाओ को सुरक्षा एजेंसी दे रही है रोजगार

### जिले के सभी जनपद पंचायत परिसर में लगाये जा रहे हैं भर्ती शिविर

**रीवा।** युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी जनपद पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। दो अप्रैल को नईगढ़ी में 03 अप्रैल को मऊगंज जनपद परिसर तथा 04 अप्रैल को रीवा जनपद पंचायत परिसर में भर्ती शिविर लगाये जायेंगे। इन शिविरों में सिंगरौली की एसआईएस सुरक्षा एजेंसी द्वारा युवाओं का सुरक्षा कार्यों के लिए चयन किया जा रहा है। युवाओं की शारीरिक एवं लिखित परीक्षा के उपरांत उनका चयन किया जा रहा है। चयनित युवाओं को रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। इसके बाद सभी चयनित उम्मीदवारों को एस. आई. एस. ट्रेनिंग एकेडमी सिंगरौली एक माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा। ट्रेनिंग सेंटर में ही युवाओं के शैक्षणिक तथा अन्य दस्तावेजों का सत्यापन किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान पी0 टी0, डी्ल, ड्रिल थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा, विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, आग बुझाने, कम्प्यूटर , बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के बाद विभिन्न निजी और शासकीय संस्थानों में सुरक्षा कार्य में तैनाती का अवसर मिलेगा। भर्ती के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य उम्मीदवार ,मैट्रिक पास, आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष तक ही होनी चाहिए ।जिले के सभी बेरोजगार नवयुवको को चयन करके उन्हें प्रशिक्षण व रोजगार उपलब्ध कराया जायगा तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतू नियुक्ति पत्र दिया जायेगा।

## पुस्तक मेले में खरीददारों और वेंडर्स के लिए उचित व्यवस्था करें : कलेक्टर

### मानस भवन में चार और पाँच अप्रैल को लगेगा पुस्तक मेला, पुस्तक मेले में 10 प्रतिशत छूट पर मिलेंगी किताबें

**रीवा।** विद्यार्थियों को रियायती दर पर किताबें और स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराने के लिए रीवा में मानस भवन में दो दिवसीय पुस्तक मेला लगाया जा रहा है। पुस्तक मेला चार और पाँच अप्रैल को सबुह 10 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित होगा। कलेक्ट्रेट के बाणसागार सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेले के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मेला स्थल पर उचित स्टाल लगाकर वेंडर्स की व्यवस्था करें। पुस्तक और ड्रेस बेचने वाले सभी



दुकानदारों को मेले में शामिल करें। प्रत्येक दुकानदार का पंजीयन करके उसे स्टाल संख्या आवंटित करें। मेले में खरीददारों और वेंडर्स के लिए समुचित व्यवस्थाएं करें। पुस्तक मेले में 10 प्रतिशत छूट पर किताबें मिलेंगी। इसलिए मेले में बड़ी संख्या में लोग आएंगे। पुलिस अधिकारी वाहनों की पार्किंग तथा भीड़ प्रबंधन के लिए उचित प्रबंध करें। आयुक्त नगर निगम मेला स्थल में पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्थाएं कराएं। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेला स्थल का निरीक्षण करके सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। मेले में किताबों और स्कूल ड्रेस के सभी विक्रेता अपना स्टाल लगाएं, इसे सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी मेले के प्रत्येक काउंटर पर कर्मचारी तैनात करें। मेले में सभी कक्षाओं की पूरी किताबों की बिक्री सुनिश्चित करें जिससे अभिभावक को किताबों के लिए पुनः दुकान न जाना पड़े। मेला स्थल में हेल्पडेस्क भी स्थापित करें। इसमें प्राप्त सूचनाओं तथा उन पर की गई कार्यवाही से प्रतिदिन सीईओ जिला पंचायत को अवगत कराएं। प्रमुख निजी स्कूलों की फीस तथा प्रवेश के संबंध में तीन दिवस में निरीक्षण कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। फीस बढ़ाने के संबंध में यदि कोई स्कूल संचालक शासन के निर्देशों का उल्लंघन करता पाया जाएगा तो उस पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने पुस्तक मेले के लिए किए जा रहे प्रबंधों की जानकारी दी।

## राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आज

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में 2 अप्रैल को सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल राजस्व कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण, साइबर तहसील, वक्फ सम्पत्तियों के सत्यापन एवं किसान सम्मान निधि में ई केवाईसी अपडेशन की समीक्षा की जाएगी। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली, धारणाधिकार तथा स्वामित्व योजना, भू अर्जन के प्रकरणों एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने राजस्व अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम ने बनाई कार्ययोजना

### जल संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार एवं वर्षा जल संचयन तथा जल स्त्रोतों की साफ सफाई पर निगम आयुक्त ने दिए निर्देश

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश भर में 30 मार्च से 30 जून 2025 तक जल गंगा संर्वधन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में शहर में जल संरक्षण एवं हरित विकास विस्तार को बढ़ावा देने के लिये निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे द्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार एवं वर्षा जल संचयन तथा जल स्त्रोतों की साफ सफाई को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा निगम आयुक्त द्वारा इन योजनाओं के क्रियांन्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने कहा कि इस अभियान को अवसर के रूप में मनाया जाय। अभियान के तहत् शहर के सभी हैण्डपम्पो के पास सोकपिट बनाकर ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज एवं अन्य वाटर रिचार्ज स्थलों का चिन्हांकन कर एक्यूफर मैनेजमेंट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। शहर के सभी शासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के निर्देश दिए साथ ही प्रत्येक वार्ड में रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करने की योजना बनाई जाय। शहर के अव्यवस्थित व बिगड़े स्वरूप वाले पार्कों को चिन्हित कर पुर्नविकसित करने के साथ नये पार्क विकसित करने की योजना बनाये जाने के निर्देश दिए और आगामी पर्यावरण दिवस पर शहर में 1 लाख पौधरोपण करने का लक्ष्य रखते हुये कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिए। ऐतिहासिक अजब कुवरी की वावड़ी की बाउड्रीबाल बनाकर सुरक्षित कर एवं पार्क विकसित कर सौन्दर्यीकरण की योजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही शहर के विभिन्न पार्कों में लगे ओपन जिम के उपकरणों को दुरूस्त कराने एवं उचित रखरखाव के निर्देश दिए। शहर में स्थित तालाब जो अपने अस्तित्व को खो रहे है उनकी साफ सफाई कर नहर से जोड़कर वाटर चार्ज कर नया स्वरूप देने की बात कही। टीम गठित कर शहर में मौजूद कुओं, जलस्त्रोतों को सुरक्षा उपकरण के साथ कुओं की सफाई एवं सौन्दर्यीकरण करने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु जनभागीदारी से सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ, वाटर एटीएम लगाये जाने की बात कही एवं जल प्रदाय टीम को निर्देशित किया कि नागरिकों के पेयजल की समस्या के त्वरित समाधान हेतु सभी व्यवस्थायें दुरूस्त की जाय।

## पुस्तक मेले में तय दर पर मिलेंगी किताबें और गणवेश

### मानस भवन में चार और पाँच अप्रैल को आयोजित होगा पुस्तक मेला

**रीवा।** नया शिक्षा सत्र एक अप्रैल से आरंभ हो चुका है। जिले में संचालित सभी स्कूलों के विद्यार्थियों को निर्धारित दर पर किताबें और गणवेश उपलब्ध कराने के लिए पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने बताया कि पुस्तक मेला चार व पाँच अप्रैल को मानस भवन में आयोजित होगा। इसमें जिले के सभी पुस्तक, स्टेशनरी और गणवेश विक्रेता शामिल होंगे। सभी दुकानदारों को पंजीयन कराने के बाद दुकान लगाने की सुविधा दी जाएगी। पंजीकृत दुकानों से निर्धारित दर पर विद्यार्थियों को किताबें तथा अन्य स्टेशनरी प्राप्त होगी। इन दुकानों से निर्धारित दरों पर ही गणवेश भी प्राप्त होंगे। पुस्तक मेले में सभी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों की किताबें और गणवेश उपलब्ध रहेंगी। अभिभावक पुस्तक मेले के माध्यम से रियायती दर पर गणवेश और किताबें खरीद सकते हैं।

## कलेक्टर ने चार ग्राम पंचायत सचिवों पर लगाया जुर्माना

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन एवं जन सुनवाई में दर्ज प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर चार ग्राम पंचायत सचिवों पर एक-एक हजार रुपए जुर्माना लगाया है। जारी आदेश के अनुसार सुरेन्द्र पाण्डेय ग्राम पंचायत सचिव रायपुर कर्चुलियान, प्रमोद साकेत ग्राम पंचायत सचिव कांटी, बुद्धसेन साकेत ग्राम पंचायत सचिव खजवा तथा मुकुंदबिहारी मिश्रा ग्राम पंचायत सचिव गौहाना पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इन सचिवों द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्रों को जारी करने के आवेदनों पर कार्यवाही न करने के कारण जुर्माना लगाया गया है। कलेक्टर ने तीन दिन की समय सीमा में जुर्माने की राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं।

## रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा लक्ष्मी महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित वार्ड क्रमांक 16 उर्रहट रीवा के लिए वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक अम्बरीष देव बघेल तथा अन्नपूर्णा प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित वार्ड क्रमांक 39 रीवा के संचालक मंडल के सदस्यों व अन्य पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एम.एल. साकेत को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### राजस्व पुस्तक परिपत्र के अन्तर्गत सहायता हेतु निर्देश

## कलेक्टर ने एसडीएम व तहसीलदार को निर्धारित शीर्ष में प्रविष्टि कर कार्यवाही करने के दिये निर्देश

**रीवा।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-(4) में आरसीएमएस पोर्टल पर निर्धारित शीर्ष के अनुरूप सहायता के निर्देश जारी किये गये है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समस्त एसडीएम व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रकाशित शीर्ष में प्रकरणों को दर्ज कर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि शीर्ष क्रमांक ब-128 (1) फसल हानि के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (2) फसल पेड़ उन पर लगी फसलों/पान बरेजे आदि की हानि के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (3) फसलों पर कीड़ प्रकोप से हुई हानि के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (4) राजस्व एवं वन ग्रामों में वन प्राणियों द्वारा फसल हानि के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (5) बाढ़ की स्थिति में कृषि योग्य भूमि पर रेत आने से सहायता, ब-128 (6) पशु/पक्षी हानि के लिए, ब-128 (7) नष्ट हुए मकानों के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (8) कपड़ा/बर्तन एवं खाद्यान्न की क्षति के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (9) मृत व्यक्ति के परिवार/निकटतम वारिस को आर्थिक सहायता 1. नैसर्गिक विपत्तियोंअर्थात तूफान, भूकम्प, बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, भूस्खलन, आकाशीय बिजली गिरने अथवा आग लगने से 2. सर्प गुहेरा या जहरीले जंतु के कटने से 3. बस व अन्य अधिकृत वाहन नदी या जलाश्य में गिरने से जल हानि 4. पानी में डूबने अथवा नाव दुर्घटना से जन हानि प्रस्तावित है।

इसी प्रकार शीर्ष क्रमांक ब-128 (10) शारीरिक अंग हानि के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (11) घायल होने पर आर्थिक सहायता, ब-128 (12) गंभीर शारीरिक क्षति जिसमें व्यक्ति एक सप्ताह से अधिक अस्पताल में भर्ती रहा हो, ब-128 (13) लावारिस शव के अंतिम संस्कार के लिए सहायता, ब-128 (14) मृत पशुओं के निवर्तन की व्यवस्था, ब-128 (15) कुम्हार के भट्टे में ईंट तथा खपरे बरबाद होने पर आर्थिक सहायता, ब-128 (16) बुनकरों/हस्त शिल्पियों को दी जाने वाली सहायता, ब-128 (17) अग्नि या बाढ़ से प्रभावित दुकानदारों को सहायता, ब-128 (18) अस्थायी राहत कैम्पों में नि: शुल्क रहने एवं भोजन की व्यवस्था, ब-128 (19) बाढ़ तथा तूफान से प्रभावित मछुआरों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता, ब-128 (20) कुंए या नलकूप नष्ट होने पर दी जाने वाली सहायता, ब-128 (21) बैलगाड़ी या अन्य कृषि उपकरण नष्ट होने पर आर्थिक सहायता, ब-128 (22) सड़क दुर्घटना में घायल/मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता, ब-128 (23) मुख्यमंत्री सहायता कोष तथा ब-128 (24) मुख्यमंत्री कृषिक कल्याण सहायता के प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करें। कलेक्टर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के समस्त प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल पर अनिवार्यत उपरोक्त मदों में ही दर्ज करने, पूर्व से प्रचलित प्रकरणों को यथाशीघ्र निराकृत कर नए प्रकरण अन्य किसी शीर्ष में दर्ज न किए जाने के निर्देश दिये है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के अंतर्गत समस्त प्रकरण स्वीकृति हेतु सक्षम प्राधिकारी के न्यायालय में ही पंजीकृत किए जाएँ। आवश्यकतानुसार अधीनस्थ अधिकारी से प्रतिवेदन लिया जा सकता है, किंतु किसी भी परिस्थिति में अधीनस्थ न्यायालय में प्रकरण दर्ज न किए जाएँ। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) अंतर्गत प्रकरणों का निराकरण म.प्र. लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 में अधिसूचित सेवाएँ है जिनका निर्धारित समयावधि तीस दिवस में निराकरण अनिवार्य है। उक्त प्रकरणों में समय - सीमा बाह्य होने की स्थिति में नियमानुसार पेनेल्टी अधिरोपित की जा सकेगी व बहुतोशी प्रकरणों में लापरवाही परिलक्षित होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के समस्त स्वीकृत प्रकरणों में पारित अंतिम आदेश के उपरंत आदेश पात्रिका में नायब नाजिर/राहत राशि भुगतान प्रभारी की पालन टीप अंकित कर वाउचर की प्रति प्रकरण में संलग्न करने के उपरांत ही प्रकरण को समाप्त किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833